www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan




# नववर्ष से पूर्व मुख्यमंत्री ने मेहंदीपुर बालाजी धाम एवं पूंछरी का लौठा में श्रीनाथ जी के किए दर्शन





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नववर्ष से पूर्व दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी धाम तथा डीग जिले के पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। शर्मा ने सर्वप्रथम दौसा जिले में स्थित मेहंदीपुर बालाजी धाम में दर्शन किए। मंदिर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री को मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक विक्रम बंशीवाल, भागचंद टांकड़ा, जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा, दौसा कलक्टर देवेन्द्र कुमार, करौली कलक्टर नीलाभ सक्सेना सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने पूंछरी का लौठा में किए श्रीनाथ जी के दर्शन


मुख्यमंत्री इसके बाद पूंछरी का लौठा धाम पहुंचे तथा श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नववर्ष 2025 में प्रदेश की प्रगति तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। श्री शर्मा ने पूंछरी ग्राम में आमजन के साथ भी आत्मीयता के साथ मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म, भरतपुर रेंज आईजी श्री राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर डीग श्री उत्सव कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नववर्ष के प्रथम दिन 1 जनवरी (बुधवार) को पूंछरी का लौठा धाम में गिरिराज जी की विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके साथ ही वे स्थानीय कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

# नए साल से पहले टूटे सोने-चांदी के दाम

### 1600 रुपए सस्ती हुई चांदी, स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 78,300

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दुनियाभर में आई स्थिरता के बाद कीमती धातुओं की डिमांड में कमी आई है। यही कारण है कि नए साल से पहले सोने और चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट हुई है। इसके बाद राजस्थान में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर जहां 78 हजार 300 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत में 1600 की कमी आई है इसके बाद एक किलो चांदी की कीमत घटकर 88 हजार 600 रुपए पर आ गई है।






## भारत पर प्रवासियों के शुद्ध दावों में दूसरी तिमाही में 19.8 अरब डॉलर की कमी : आरबीआई

**मुंबई (बढ़ता राजस्थान/एजेंसी)।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान भारत पर प्रवासियों के शुद्ध दावे सालाना आधार पर 19.8 अरब अमेरिकी डॉलर घटकर 348.5 अरब अमेरिकी डॉलर रह गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह 2024 में 101 नारी शक्तियां हुई सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** महिला एवं बाल विकास को समर्पित संस्था वूमेन पावर सोशलिटी फाउंडेशन इंडिया द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया जिसमें 101 नारी शक्तियां को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वूमेन पावर सोशलिटी फाउंडेशन इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकन्या, उपाध्यक्ष राजरानी के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सचिव उमा सोनी और संयोजक संतोष कुमार की अनुशंसा द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर पधारे हुए अतिथियों का मानसी और साक्षी मीरवाल ने तिलक कर और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी अनादि सरस्वती (आध्यात्मिक गुरु, अनादि आश्रम लोहागल, अजमेर) एवं आर्किटेक्ट डॉ.दौलत राम माल्या (संस्थापक अध्यक्ष समर्पण संस्था) उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूनम चौधरी पुलिस निरीक्षक (राज. पुलिस जयपुर) उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ ए.पी.सिंह एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा की गई थी। सोनम जैन ने गणेश वंदना की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरुआत करी। अभिनेत्री शेफाली गर्ग द्वारा सभी आए हुए अतिथि गणों का स्वागत सम्मान पधारो म्हारे देश की तर्ज पर किया गया। आर्किटेक्ट डॉ.दौलत राम माल्या एवं वूमेन पावर सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वूमेन पॉवर सोशलिटी फाउंडेशन इंडिया द्वारा इस सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में, समाज हित में, बच्चों के शिक्षा, संरक्षण, अधिकार, रोजगार, चिकित्सा, गायन, नृत्य, समाज सेवी आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 101 नारी शक्तियों को पगड़ी व दुपट्टा पहना कर साथ में मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रजत बैजल एवं भाजपा युवा नेता नरसी किराड़ ने कार्यक्रम में सम्मानित सभी नारी शक्तियों, समाज सेवियों एवं अतिथियों को धन्यवाद देते हुए वूमेन पावर सोशलिटी फाउंडेशन को उनके इस नेक काम के लिए बधाई और



शुभकामनाएं दी। इस दौरान विभिन्न नई नियुक्तियां भी की गई जिसमें राष्ट्रीय सलाहकार के पद पर एड.ज्योतिषाचार्य सुदेश शर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट समाज सेविका डॉ. माधुरी शर्मा को (कन्या जन्म गौरव स्वाभिमान) लाडो की प्रदेश अध्यक्ष (राजस्थान) का पद एवं प्रियंका जैन को संयोजक जयपुर पूर्व के पद पर एवं मानसी मीरवाल को युवा महिला छात्र संघ की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रामजी चंद्रवाल संस्थापक अध्यक्ष, डॉ प्रेम चंद सुमन मुख्य संरक्षक (सामर्थ्य सेवा संस्था), पुर्णिमा पाठक प्रशासनिक अधिकारी (रेलवे) भी उपस्थित थे।

# बिहार से जयपुर लाकर मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले दो अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## पौने आठ किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत मालपुरा गेट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्कर इफ्तेखार आलम एवं तौसिफ आलम को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने पौने आठ किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ सुपौल बिहार से लेकर जयपुर शहर में सप्लाई करते है। पुलिस के अनुसार बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1.5 लाख रुपये है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने मालपुरा गेट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्कर इफ्तेखार आलम एवं तौसिफ आलम को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपी वीरपुर जिला सुपौल (बिहार) हाल मालपुरा गेट जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से पुलिस ने पौने आठ किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी मादक पदार्थ गांजा को सुपौल बिहार के रहने वाले शाहनवाज आलम से लेकर जयपुर शहर में पैडलरों को देना बताया है।

# कृषि उपज मंडी का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नौ हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जालौर टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए कृषि उपज उप मंडी आहोर जिला जालौर के कृषि उपज मंडी का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भंवर सिंह को परिवादी से नौ हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जालौर टीम को शिकायत दी कि उसकी मूंग की पैदावार की बोरियों-कट्टों का कृषि मंडी में तोलकर खरीदने की एवज में कृषि उपज मंडी का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भंवर सिंह नौ हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी की जालौर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कृषि उपज मंडी का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भंवर सिंह को नौ हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

# जन सुरक्षा एवं अपराधों की रोकथाम के लिए पूर्ण निष्ठा व लगन से पुलिसकर्मी अपना फर्ज निभाए : पुलिस महानिदेशक

## महानिदेशक पुलिस की नववर्ष पर शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने पुलिस कर्मियों तथा समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। साहू ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अपने शुभकामना संदेश में सभी पुलिसकर्मियों से नए साल में जन सुरक्षा एवं अपराधों की रोकथाम के लिए प्रखरता, पूर्ण निष्ठा, लगन व तत्परता से अपना फर्ज निभाते हुए जनता की सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। साहू ने कहा कि नववर्ष 2025 के अवसर पर मैं राजस्थान पुलिस के जवानों, अधिकारियों और उनके परिजनों सहित सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देता हूँ। हमारी प्रकृति और परम्परा यही रही है कि जीवन में जब भी कुछ नया घटित होता है तो हम अपने योगदान से आने वाले कल को पहले से बेहतर बनाने के लिए सदैव बढ़-चढ़कर प्रयास करते हैं। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि नए साल का आगमन हमारे लिए अधिक सजगता एवं प्रतिबद्धता के साथ देश, प्रदेश और समाज की सेवा के लिए, खुद को समर्पित करने का ऐसा ही सुअवसर है। नए साल में हम सभी इसी भावना के साथ जन सुरक्षा एवं अपराधों की रोकथाम के लिए पूर्ण निष्ठा व लगन से अपना फर्ज निभाते हुए जनता की सेवा का संकल्प लें। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशासन, कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि गुरुवार सुबह 10-30 बजे से पुलिस मुख्यालय के मुख्य पोर्च के सामने स्थित लॉन पर नव वर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय में कार्यरत समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा पुलिस मुख्यालय से बाहर जयपुर शहर में कार्यरत समस्त भारतीय पुलिस सेवा तथा राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी शामिल होंगे।

## नववर्ष का सुनहरा आगाज

# राजस्थानी लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति

## क्लब सदस्यों ने थिरकते हुए नववर्ष का स्वागत किया






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में नववर्ष की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों ने डीजे पर थिरकते हुए नववर्ष का स्वागत किया। क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़, महासचिव योगेन्द्र पंचौली कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने प्रबन्ध कार्यकारिणी की ओर से क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। नववर्ष पर प्रेस क्लब परिसर में लाईट डेकोरेशन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वन्दना के साथ हुआ। क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़, महासचिव योगेन्द्र पंचौली ने बताया कि सवरंग संस्था के लोक कलाकारों ने चिरमी, चरी नृत्य, पिया आओ तो, मत पियो छैल तम्बाकुड़ी, और रंग दे, मरू रंग, मोनिया युगल नृत्य, चन्द्र गोरजा, नखरों छोड़ दे भाभी, काजलियो, बीजणा, हिवडे सू दूर मत जाय मिल जावे, घूमर, उंचो घाल्यो पालणो, धरती धोरां री, सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसे देख दर्शक रोमांचित हो उठे। क्लब सदस्यों ने डीजे पर थिरकते हुए नववर्ष का आगाज किया। पण्डित राजेन्द्र राव के निर्देशन में राजस्थानी लोकनृत्यों की विशेष प्रस्तुति दी। लोक कलाकार शिल्पा शर्मा, तारा कंवर, सुरभि, आरती, मिनाक्षी, वैदेई, प्रकाश शर्मा, वंसिका ने मनोहर प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर, उपाध्यक्ष विमल सिंह तंवर, राहुल भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, ओमवीर भार्गव, नमोनारायण अवस्थी, संजय गौतम, शालिनी श्रीवास्तव, उमंग माथुर, पूर्व अध्यक्ष राधारमण शर्मा, पूर्व महासचिव रोशन लाल शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, कानाराम कड़वा वरिष्ठ पत्रकार शंकर नागर, शंकर शिखर, निखलेश शर्मा, इकबाल खान, विक्रम राजपुरोहित, सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए। मंच संचालन राजेन्द्र शर्मा हंस ने किया।

# कड़ाके की ठंड ने छुड़ाई धूजणी, लोग दिन में ही अलाव सेकते नजर आए

बढ़ता राजस्थान




**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे में सर्दी का सितम कहर बरपा रहा हैं। कड़ाके की ठंड ने लोगों को घरों में ही दुबकने को मजबूर कर दिया। सर्द हवाओं के कारण बढ़े सर्दी के असर के बाद लोग जरूरी काम से ही घरों से निकल रहे हैं। कस्बे की गलियों और चौराहों पर लोग अलाव के पास बैठकर ही सर्दी से राहत पाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में इतनी कड़क सर्दी नहीं पड़ी थी। न सिर्फ सुबह और शाम, बल्कि दिन के समय भी ठंड का असर इतना तेज हो गया है कि लोग दिन में भी गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दे रहे हैं। कई स्थानों पर अलाव जलाए गए हैं, जिनके आसपास लोग एकत्रित होकर ठंड से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं।

मौसम विभाग ने भी आगामी दिनों में ठंड के और तीव्र होने की संभावना जताई है। लोगों ने सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़े, गर्म कंबल और अलाव का सहारा लिया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को ठंड से बचने के उपायों पर ध्यान देने की सलाह दी है, जैसे कि गर्म पानी का सेवन, बाहर न निकलने की कोशिश, और ठंड में बाहर जाते समय उचित कपड़े पहनने की सलाह दी है। किसान भी इस मौसम से परेशान हैं, क्योंकि ठंड के कारण फसलें प्रभावित हो सकती हैं। फुलेरा क्षेत्र में किसानों को चिंता है कि ठंड की वजह से उनकी फसलें प्रभावित हो सकती हैं, खासकर उन फसलों को जो ठंड के प्रति संवेदनशील हैं। इस कड़ाके की ठंड में अलाव एकमात्र सहारा बनकर उभरा है, और लोग अब अधिकतर समय अपने घरों में सुरक्षित रहकर इस सर्दी का सामना करने की कोशिश कर रहे हैं।

# श्री नहर के गणेशजी में नववर्ष के प्रथम बुधवार को होंगे अनेक धार्मिक अनुष्ठान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड़ पर स्थित अति प्राचीन दाहिनी सूँड दक्षिण मुखी श्री नहर के गणेश जी महाराज के मंदिर में नववर्ष 2025 के प्रथम बुधवार को अनेक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि इस पावन अवसर पर मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सानिध्य में प्रातः गणपति महाराज को नवीन पोशाक व साफा धारण कराकर मंगला आरती प्रातः 5.30 पर की जाएगी। प्रातः 7.15 पर नियमित आरती कर श्री गणपति अथर्वशीर्ष व ऋग्वेदोक्त गणपति मात्रिका के पठन किये जाएँगे। दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे के मध्य गणपति को मोदक भोग अर्पित कर शयन करवाया जाएगा। प्रभु गणपति की सायंकालीन महाआरती 251 दीपों से की जाएगी तथा रात्रि 12 बजे शयन आरती होगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर को गुब्बारों से भी सजाया जाएगा एवं सायं कालीन आरती के बाद सुप्रसिद्ध गायक वादक कलाकार भजन संध्या के अन्तर्गत अपने भक्त सुमन अर्पित करेंगे। मंदिर में दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को सुख समृद्धि दायक व विघ्न निवारक रक्षा सूत्र वितरित किए जाएंगे।

# परमार्थ समिति द्वारा श्री हनुमान चालीसा के 5111 पाठ का हुआ अनूठा एवम् ऐतिहासिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के तत्वावधान में कटेवा नगर, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड स्थित श्री राम मन्दिर परिसर में श्री श्री 1008 श्री हनुमान जी महाराज की कृपा से, प्रातः वन्दनीय, संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज श्रीधाम वृंदावन वालों के आशीर्वाद से श्री हनुमान चालीसा के 5111 सामूहिक पाठ का विशाल अनूठा एवम् ऐतिहासिक आयोजन हुआ। जिससे सनातनी परम्परा की प्रगाढ़ता बढ़ेगी। उपरोक्त कार्यक्रम में भक्ति की बयार में उपस्थित सभी भक्तजन भाव विभोर होकर झूमने लगे। जिससे इस कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लग गए। कार्यक्रम का समापन उपस्थित सभी भक्तिवृन्दों एवम् क्षेत्र के अन्य नागरिकों को पौष बड़ा प्रसादी वितरण के साथ हुआ। उपरोक्त समारोह समिति के मुख्य संरक्षक श्री आर के अग्रवाल, अध्यक्ष श्याम विजय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष एवं संयोजक रामावतार माहेश्वरी, उपाध्यक्ष मोहनलाल जायसवाल, ज्ञान स्वरूप भटनागर, नवल किशोर पारीक, सचिव नरेन्द्र कुमार टांक, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता तथा अन्य पदाधिकारियों जे एन मीना, सत्य नारायण गुप्ता, राधे श्याम सोनी, भगवान सहाय मूर्तिकार, अरुण आहूजा, श्रीमती संतोष कंवर, अरुणा शर्मा, निर्मला सिंह, गायत्री माहेश्वरी, सावित्री अग्रवाल, पुष्पा टांक, प्रेमलता राठौड़ तथा अन्य सदस्यों एवम् क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# कांस्टेबल भर्ती : रोजगार उत्सव से पहले सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की सभी औपचारिकताएं पूरी करें, पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला एसपी व डीसीपी को तीन दिनों में अग्रिम तैयारी के लिए दिए दिशा निर्देश

## नवनियुक्त कांस्टेबल के प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिए सभी प्रशिक्षण संस्थानों को तैयारी रखने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा राज्य सरकार के विरुद्ध दर्ज कांस्टेबल भर्ती 2023 से संबंधित सभी रिट याचिकाओं को खारिज कर देने के उपरांत पुलिस मुख्यालय ने कांस्टेबल भर्ती 2023 में सफल रहे अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी करने के लिए सभी जिलों के एसपी एवं जयपुर व जोधपुर कमिश्नरेट के डीसीपी को आगामी रोजगार उत्सव से पहले समस्त औपचारिकताएं आगामी तीन दिनों के अंदर पूरी करने के दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस मुख्यालय में सभी प्रशिक्षण संस्थानों को भी प्रशिक्षण संबंधित तैयारियों रखने को कहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 39/2023 विकास बाजिया व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा 1 फरवरी, 2024 के आदेश द्वारा कांस्टेबल भर्ती-2023 के लिए विज्ञापित 3578 पदों के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश अग्रिम आदेश तक जारी नहीं करने के निर्देश प्रदान किये गये थे। एडीजी पाण्डेय ने बताया कि मामले में हाईकोर्ट जयपुर द्वारा 12 दिसंबर 2024 को निर्णय देते हुए एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 20250/2023 द्वारा सौरभ कुमार व अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य 118 याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिससे इस भर्ती परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पांडेय ने बताया कि नियमानुसार औपचारिकताएं पूर्ण करने वाले चयनित अभ्यर्थियों (रिव्यू में चयनित अभ्यर्थियों सहित) को 11, जनवरी, 2025 की शाम आवश्यक दस्तावेज व साजो-सामान के साथ संबंधित पुलिस लाईन में एकत्रित करने के लिए सभी जिलों के एसपी व डीसीपी को पुलिस मुख्यालय से सोमवार को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जो सफल अभ्यर्थियों को इस सम्बंध में सूचित कर 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव में सम्मिलित कर नियुक्ति आदेश प्रदान करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर कार्यालय से समन्वय स्थापित करने के लिए जिला एसपी व डीसीपी किसी आरपीएस स्तर के अधिकारी को निर्देशित करेंगे, जो नियत समय पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश का वितरण करवाये जाने तथा आयोजन उपरान्त पुलिस लाईन में अभ्यर्थियों की आमद करवाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की कार्रवाई : मध्य प्रदेश के पारदी गिरोह का बदमाश गिरफ्तार, कोटा पुलिस से 50 हजार व एमपी से है 5 हजार का इनामी

## जमीन पर लोन देने का झांसा दे कागजो पर साइन कराने एजीटीएफ ने गांव से बाहर बुलाया, आते ही दबोच लिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर कोटा शहर से 50 हजार व मध्यप्रदेश से 5 हजार रुपये के इनामी पारदी गिरोह के एक बदमाश अजब सिंह (45) निवासी धरनावदा जिला गुना मध्यप्रदेश को गुना जिले से राउण्डअप कर लिया। जिसे लेकर मंगलवार को कोटा पहुंची टीम ने किशोरपुरा थाना पुलिस को सौप दिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एम एन ने बताया कि टीम को 50 हजार के इनामी के बारे में सूचना मिलने पर सूचना डवलप की गई। सूचना पुख्ता होते ही टीम तुरन्त एमपी के गुना जिले में पहुंची। गिरफ्तार बदमाश मध्यप्रदेश के गुना जिले के थाना धरनावदा क्षेत्र के दुर्गम इलाके कनेरा चक का रहने वाला है। इस गांव में पुलिस जब भी दबिश देने जाती है बदमाश फायरिंग कर जानलेवा हमला कर देते है। बदमाश अजब सिंह भी पुलिस पर फायरिंग का आरोपी है। इसकी गिरफ्तारी के लिए एजीटीएफ ने व्यूह रचना रची। आरोपी को बैंककर्मी बन जमीन पर लोन देने का झांसा दिया।

**लोन के कागजों पर साइन कराने गांव से बाहर बुलाया, आते ही दबोच लिया :** एजीटीएफ तीन दिनों से बदमाश अजब सिंह के गांव के बाहर कैम्प कर लोन देने का झांसा देकर बाहर बुलाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन शातिर आरोपी खुद ना आकर बार बार दूसरों को भेज रहा था। इस पर टीम सदस्यों ने आरोपी को कॉल कर कहा कि लोन के कागजों पर साइन करने तुम्हे ही आना पड़ेगा। इस बार आरोपी स्वयं आया, जिसे आते ही टीम ने दबोच लिया।

**कोटा शहर से 50 हजार का इनामी :** किशोरपुरा थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी वल्लभनगर में 19 मई 2023 की रात पांच चोर खिड़की की ग्रिल तोड़कर सेनेटरी व्यापारी चिराग जैन के घर में घुस गए। व्यापारी और



उनका परिवार अंदर सो रहा था। चोरों ने उनके कमरे बाहर से बंद कर दिए और एक कमरे की अलमारियां तोड़ कर करीब 5-6 लाख रुपए और लाखो की ज्वैलरी चोरी कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। मामले में आईजी रेंज कोटा कार्यालय से आरोपी अजब सिंह सहित सात जनों पर 50-50 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई।

# सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीरता से प्रयास जरूरी : सुराणा

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**चूरू( सुरेश लाटा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और उनके परिवारों में अंधेरा छा जाता है, इसलिए हम सभी को सड़क हादसों की रोकथाम के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए। जिला कलक्टर सोमवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर थे। उन्होंने आगामी सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न प्रभावी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए और कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अत्यंत महत्वपूर्ण कारक है। इसलिए इस दिशा में समुचित प्रयास होने चाहिए। उन्होंने प्रत्येक स्कूल एवं कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब के गठन के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित क्षेत्र में ये क्लब सड़क सुरक्षा नियमों की पालना की समुचित निगरानी करेंगे। उन्होंने परिवहन, सानिवि और पुलिस सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सभी आपस में समन्वय स्थापित कर लोगों की सुरक्षा के लिए समुचित कदम उठाएं। उन्होंने सड़क सुरक्षा के संबंध में 6-ई पर चर्चा करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को जानने के बाद उनके निराकरण की दिशा में प्रयास करें। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार मिले, इसके लिए व्यापक कोशिश होनी चाहिए। सानिवि एवं सड़क निर्माण से जुड़े सभी अधिकारी नई सड़कों के निर्माण के दौरान तकनीकी पहलुओं का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए कहा। साथ ही आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर, संकेतक और रोड सेफ्टी से जुड़े समस्त इंतजाम करने, ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही, बाल वाहिनियों की जांच व बिना फिटनेस चल रहे वाहनों को जब्त करने, लकड़ी के अवैध वाहनों पर कार्यवाही करने, खनन परिवहन में ओवरलोड पर कार्यवाही करने, उपखंड स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक करने, नगर निकायों में वन वे, नो पार्किंग, नो व्हीकल जोन के प्रस्ताव भिजवाने, सड़कों से अतिक्रमण हटाने, संकेतकों पर लगे अवैध बैनर, पोस्टर हटाने, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा अग्रदूत तैयार करने सहित विभिन्न निर्देश प्रदान किए। इस दौरानम एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ शुभम शर्मा, डीटीओ ताराचंद, यातायात प्रभारी सुभाष चंद, एडीपीआर कुमार अजय, डीएफओ भवानी सिंह, सानिवि एसई चैतन्य परिहार सहित नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे, नगर निकाय, पुलिस, परिवहन विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।

# कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)

क्रमांक : न.पा.मा / भूमि / 2024-25/3126 दिनांक : 30/12/2024

## -: भव्य ई- निलामी सार्वजनिक सूचना :-

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका मालपुरा द्वारा शास्त्री नगर विस्तार योजना आवासीय कॉलोनी के आवासीय भूखण्ड नीचे दर्शित भूखण्ड संख्या व साइज अनुसार 99 वर्षीय लीज होल्ड आधार पर दिनांक 20.01.2025 से 24.01.2025 तक ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय किये जायेंगे। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित भागीदारी शुल्क एवं अमानता राशि ऑनलाईन (प्रति भूखण्ड) https://sso.rajasthan/gov.in/signin पर जाकर स्वयं की SSO ID से ऑनलाईन जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकते है। नकद राशि स्वीकार्य नही होगी।

| क्रसं. | भूखण्ड संख्या | साईज प्रतिभूखण्ड | क्षेत्रफल वर्गगज प्रतिभूखण्ड | किस्म/प्रकार प्रतिभूखण्ड | अमानत राशि (प्रतिभूखण्ड) ऑनलाईन | न्यूनतम बोली राशि प्रतिभूखण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 21,22,45,46,47,48 49,50,51,52,53,54, 55,56,57,133,134, 135,136,137,138 | 25'x50' | 138.88 | आवासीय | 30000 रूपये | 3500 रूपये प्रतिवर्गगज |
| 2. | 40,42,83,85,87,96, 97,98,99,100,105, 116,117,124,127, 139,140 | 30'x64' | 213.33 | आवासीय | 30000 रूपये | 3500 रूपये प्रतिवर्गगज |
| 3. | 95,141,142,143, 146,147,148,151, 152,153,165,167,168 | 20'x50' | 111.11 | आवासीय | 30000 रूपये | 3500 रूपये प्रतिवर्गगज |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नीलामी भागीदारी शुल्क (प्रति भूखण्ड) | 1000 रूपये |
| 2. | ऑनलाईन भागीदारी शुल्क एवं अमानत राशि जमा कराने की दिनांक | दिनांक 15.01.2025 को प्रातः 6.00 बजे से दिनांक 18.01.2025 को सांय 6.00 बजे तक। |
| 3. | ई नीलामी बोली प्रारम्भ करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 20.01.2025 को प्रातः 6.00 बजे से |
| 4. | ई नीलामी बोली समाप्ति की दिनांक एवं समय | दिनांक 24.01.2025 को सांय 6.00 बजे तक। |

**नीलामी शर्तें :-**

1. भूखण्ड जहाँ है, जैसा है, के आधार पर नीलाम किये जायेंगे ।
2. भूखण्ड का क्षेत्रफल मौका स्थिति अनुसार घट-बढ़ सकता है।
3. इच्छुक बोलीदाता की अपनी स्वयं की SSO ID होना अनिवार्य है। नीलामी बोलीदाता नीलामी भागीदारी शुल्क एवं अमानता राशि अपनी SSO ID से Login कर GwC एप में LSG E-AUCTION लिंक पर अपनी प्रोफाईल बनाकर कर जमा करवाकर ही नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी से संबंधित समस्त विवरण वैबसाईट पर देखा जा सकता है।
4. ई-ऑक्शन में अधिकतम दर ही स्वीकार की जावेगी। उपरोक्त वर्णित भूखण्डों की नीलामी बोली 10000 /- रू. के गुणांक में बढाकर लगाये जाने पर ही स्वीकार होगी।
5. यह भूमि विक्रय राजस्थान नगरपालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम एवं संशोधित नियम 2019 व उसके जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही है।
6. उच्चतम बोली लगाने वाले (सफल बोलीदाता) को निलामी स्वीकृत होने के पश्चात मांग पत्र जारी होने की दिनांक से तीन दिवसों के भीतर अपनी बोली की 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त राशि जमा कराने में विफलता के कारण बोलीदाता द्वारा जमा करवायी गई अमानता राशि जब्त किया जावेगा और भूमि की निलामी स्वचालित रूप से रद्द मानी जावेगी।
7. बकाया 35 प्रतिशत राशि निलामी दिनांक से 120 दिनों के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होगा। विफल क्रेता है, तो अवधि की समाप्ति के बाद बोली लगाने वाले 60 दिनों में या विस्तारित समय अवधि के भीतर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित देय राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा।
8. सफल बोलीदाता 180 दिन में शेष 50 प्रतिशत राशि जमा करवायेगा, विफल रहने पर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। यदि बोलीदाता डिमाण्ड नोटिस की तारीख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करवाता है, तो दो प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी। भूखण्डों की सम्पूर्ण निलामी राशि चैक / डी. डी. द्वारा जमा कराना अनिवार्य होगा ।
9. भूखण्ड 99 वर्षीय लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेंट ग्राउण्ड रेन्ट के आधार पर विक्रय किया जावेगा। जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर आवासीय 2.50 प्रतिशत नियमानुसार क्रेता को जमा करानी होगी।
10. लीज डीड शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके स्टाम्प, नक्शा एवं रजिस्ट्री पर होने वाला व्यय स्वयं क्रेता को वहन करना होगा।
11. बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार नगरपालिका मालपुरा के पास सुरक्षित रहेगा। जिसका कारण बताना आवश्यक नही होगा।
12. बोली लगाने के दौरान किसी भी भूखण्ड में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उस भूखण्ड की बोली स्थगित / निरस्त करने का अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मालपुरा में निहित होगा।
13. उच्चतम बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मालपुरा में निहित होगा ।
14. नीलामी में असफल रहने वाले बोलीदाताओं की अमानत राशि 15 दिवस में स्वतः ही नगरपालिका द्वारा उनके खाते में स्थानान्तरित की जावेगी। असफल बोलीदाताओं को पृथक से कोई आवेदन करने की आवश्यकता नही होगी।
15. तीन वर्ष की अवधि के अन्दर नियमों के अन्तर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर क्रेता को भवन निर्माण कराना होगा। यदि तीन वर्ष की अवधि में भवन निर्माण नही कराया गया, तो जमा कराई गई राशि को बगैर लोटाये पालिका द्वारा राशि जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे में ले लिया जावेगा तथा पुनः निलाम कर दिया जावेगा।
16. भूमि का मानचित्र एवं शर्ते प्रतिबंधों व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
17. उपरोक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल मौके पर कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर राशि जमा करानी होगी ।
18. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या, नीलामी शर्तो एवं ई-नीलामी सम्बन्धी जानकारी मोबाईल नं. 9799123311 व 8233878463 तथा 8233147086 पर सम्पर्क कर की जा सकती है।

**(अमित कुमार चौधरी आरएएस)**
**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका**
**मालपुरा (टोंक)**


# जश्ने ईद मिलादुन्नबी व उर्से ख्वाजा गरीब नवाज का होगा भव्य आयोजन

## 4 जनवरी को जयपुर में जुटेंगे देशभर के इस्लामी विद्वान, विषय विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान

बढ़ता राजस्थान







**जयपुर,( का.स. )।** सुन्नी दावते इस्लामी (एसडीआई) की ओर से देहली बाईपास स्थित ईदगाह रोड पर 4 जनवरी 2025 को 1500वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी व 813वां उर्से ख्वाजा गरीब नवाज मनाया जाएगा। शाम 7 बजे मगरिब की नमाज के बाद से रात 12 बजे तक जश्ने गरीब नवाज मनाया जाएगा। जिसमें देशभर से इस्लामी विद्धान आएंगे। साथ ही विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। मुख्य अतिथि सुन्नी दावते इस्लामी (मुम्बई) के अमीर हजरत मौलाना मुहम्मद शाकिर अली नूरी ख्वाजा गरीब नवाज की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। वहीं मुख्य वक्ता अल्हाज मौलाना सय्यद अमीनुल कादरी किब्ला (मालेगांव) इस्लाम की प्राथमिक व नैतिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार तथा आधुनिक शिक्षा के लिए जागरुकता पर व्याख्यान देंगे। अलहाज कारी मुहम्मद रिजवान खान (मुंबई) हम्द नातों मंकबत पेश करेंगे। आले रसूल अल्हाज मौलाना सय्यद मुहम्मद कादरी (जयपुर) हिंदुस्तान सूफी विचार धाराओं औलिया अल्लाह ख्वाजा गरीब नवाज के मानने वालों का है। इसमें सूफी विचार व औलिया अल्लाह की सुफिज्म शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। नौजवानों को समाज सेवा के कामों के लिए बैदार करना, मुल्क और कौम की तरक्की व खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास करना विषय पर उपस्थितजनों को संबोधित करेंगे। इज्तिमे की सदारत मुफ्ती-ए-शहर जयपुर हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी करेंगे। इज्तिमे का समापन सलातो सलाम व खुसूसी जिक्र दुआ के साथ होगा।

**छात्र-छात्राओं का होगा विशेष सत्र :** टीम एसडीआई उम्मीद का एक विशेष सत्र स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए 4 जनवरी को दोपहर 3 से शाम 5.30 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें छात्र-छात्राओं को बताया जाएगा कि बोर्ड परीक्षा के बाद कौनसा विकल्प चुने, उन्हें किस फील्ड मे जाना चाहिए, जिससे उनका भविष्य रोशन हो सके। इस सेशन में 3 टॉपिक अपनी क्षमता को उजागर करें और बेहतर भविष्य का निर्माण करें, पढ़ाई और बोर्ड परीक्षा के लिए समय कौशल प्रबंधन और कम्फर्ट जोन को कम करने के लिए ब्रेन हैक्स के टिप्स रखा गया है। इस सेशन का प्रशिक्षण देने के लिए मुंबई से विषय विशेषज्ञ मुहम्मद इस्माइल व मुहम्मद निजामुद्दीन आएंगे।

# टैंकर का वॉल्व टूटने से ऑक्सीजन प्लांट में गैस लीक

बढ़ता राजस्थान


मेन वॉल बंद कर रोकी गैस लीकेज

**जयपुर,( का.स. )।** विश्वकर्मा थाना इलाके में एक ऑक्सीजन प्लांट में मंगलवार शाम गैस लीकेज होने से दहशत फैल गई। टैंकर का वाल्व टूटने से प्लांट से ऑक्सीजन का लीकेज हुआ था। पुलिस ने मेन वॉल बंद करवाकर गैस लीकेज को बंद करवाया। पुलिस की ओर से ऑक्सीजन गैस के चलते पारदर्शिता कम होने के चलते वाहनों को धीमे गति से निकाला गया। थानाधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा रोड नंबर-18 पर स्थित ऑक्सीजन प्लांट पर गैस लीकेज हुआ था। ऑक्सीजन प्लांट के एक टैंकर में 20 टन गैस भरी हुई थी। शाम करीब 4 बजे टैंकर का बॉल्व टूटने से गैस लीकेज हो गई। जिसके चलते 200-300 मीटर तक ऑक्सीजन गैस तेजी से फैल गई। गैस लीकेज के चलते स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल फैल गया। विश्वकर्मा थाना पुलिस सूचना पर फायर बिग्रेड की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने ऑक्सीजन प्लांट के मेन बॉल को बंद करकवार लीकेज को बंद करवाया। ऑक्सीजन गैस के लीकेज से पारदर्शिता कम होने के चलते वाहनों को पुलिस ने धीमे गति से हटवाया। फायर बिग्रेड की मदद से पानी के बाछौर कर गैस के लेवल को हटाया गया। पुलिस ने हादसे में किसी के हाताहत होने से मना किया है।



## सम्पादकीय

# बहुत कुछ कहता घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण यानी एचसीईएस का 2023-24 का संस्करण गत सप्ताह जारी किया। हाल के महीनों में देश की अर्थव्यवस्था में मांग की स्थिति को लेकर तमाम चिंताएं जाहिर की गईं, खासकर बड़े शहरों में। इसके अलावा व्यापक अर्थव्यवस्था की दिशा पर इसके असर को लेकर भी बात हो रही थी। ऐसे में इस सर्वे की उत्सुकता से प्रतीक्षा थी। इसके आंकड़ों की जब ऐतिहासिक इजाफे से तुलना की जाती है तो कुछ राहत मिलती है। ग्यारह सालों के अंतराल के बाद गत दो वर्षों से एचसीईएस के आंकड़े जारी किए जा रहे हैं। जब विगत दो वर्षों में परिवारों के मासिक प्रति व्यक्ति व्यय की तुलना की जाती है तो पता चलता है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इसमें औसतन 3.5 फीसदी का इजाफा हुआ है। यह ग्रामीण क्षेत्रों के ऐतिहासिक औसत के अनुरूप है जबकि शहरी इलाकों की बात करें तो यह 2022-23 के पूर्व 11 साल के अंतराल में परिवारों के मासिक प्रति व्यक्ति व्यय में देखी गई तीन फीसदी की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से काफी अधिक है। उद्योग जगत ने इस पर जोर दिया है कि शहरी और ग्रामीण इलाकों में खपत का अंतर कम हो रहा है। परंतु वृद्धि का समर्थन करने वाली मांग से जुड़ी चिंताओं को देखें तो शायद यह ध्यान देना अधिक महत्त्वपूर्ण है कि शहरी इलाकों में औसत व्यय धीमा होता नहीं नजर आता। हालांकि एचसीईएस से कम से कम एक अहम नीतिगत प्रभाव उभरा और वह गत वर्ष के संस्करण में भी साफ नजर आया: एचसीईएएस में खाद्य पदार्थों पर किए जाने वाले पारिवारिक व्यय को जिस तरह दिखाया गया है वह आधिकारिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में भली भांति नहीं नजर आता। सर्वे में पाया गया कि शहरी परिवार अपने बजट का 60 फीसदी हिस्सा खाद्य पदार्थों के अलावा खर्च करते हैं जबकि ग्रामीण परिवार अपने व्यय का करीब आधा हिस्सा दूसरी चीजों पर खर्च करते हैं।

विकसित देशों की तुलना में यह काफी अधिक है लेकिन बजट में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी में गिरावट के रुख को नकारा नहीं जा सकता है। खाद्य पदार्थों पर इस व्यय के साथ अर्थशास्त्रियों ने यह भी कहा कि खाद्यान्न से सब्जियों और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की दिशा में भी बदलाव आएगा। लोगों के खाद्य बजट में अब सब्जियों और पैकेटबंद चीजों की ही बड़ी हिस्सेदारी है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने एक हालिया रिपोर्ट में कहा कि सर्वे में शामिल लोगों में से सबसे गरीब 20 फीसदी लोगों में यह हिस्सेदारी सबसे तेजी से घटी है। उसने इस गिरावट को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण से जोड़ा है। उसी रिपोर्ट में इस तथ्य को भी रेखांकित किया गया है कि खाद्यान्न कीमतों में मौसमी उतार चढ़ावा 2011-12 से कम हुए हैं। यह शायद बेहतर आपूर्ति श्रृंखला ढांचे के कारण संभव हुआ। व्यय में इन बदलते रुझानों तथा मुद्रास्फीति सूचकांक में संशोधन, खाद्य सुरक्षा नीतियों और कृषि सब्सिडी आदि पर ध्यान देना जरूरी है। सरकार को कृषि सुधारों से पीछे हटना पड़ा था लेकिन चूंकि गरीब से गरीब लोगों की खपत में भी ये बदलाव आ रहे हैं इसलिए अधिक समय तक इससे दूर नहीं रहा जा सकता है।

# दिल्ली चुनावों पर 'रेवड़ी कल्चर' का खतरनाक साया

**'मुफ्त की सौगात' राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है।**

ललित गर्ग




दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मी उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी मतदाताओं को लुभाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव से पहले अब आम आदमी पार्टी ने एक ऐसी लुभावनी, मतदाताओं को आकर्षित करने की योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए महीने दिए जाएंगे। इस योजना का नाम पुजारी-ग्रंथी योजना है। मुस्लिम धर्म एवं उनके अनुयायियों को रिझाते-रिझाते एकदम से केजरीवाल को हिन्दू धर्म के पुजारी एवं सिख धर्म के ग्रंथी क्यों याद आ गये? विडम्बना है कि विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफों, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी 'रेवड़ी कल्चर' का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। 'फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक पार्टियां राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा? अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैं, लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप-शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है।

रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली में महिलाओं एवं किन्नरों को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा की घोषणाएं की गयी है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल करोड़ों रुपये तक का नुकसान हुआ है। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। लेकिन केजरीवाल ने ऐसी विकृत राजनीति को जन्म दिया है, जिसमें विकास पीछे छूट गया है। राजनीतिक दलों में ऐसी 'मुफ्त की संस्कृति' की प्रतिस्पर्धा का परिणाम अनुसंधान एवं विकास व्यय, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यय और रक्षा व्यय में कमी के रूप में देखने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पिछले दस वर्षों में दिल्ली का विकास ठप्प है। हम दक्षिण कोरिया के रास्ते पर चलकर भविष्य में एक विकसित अर्थव्यवस्था बनेंगे या हमेशा एक 'विकासशील राष्ट्र' बने रहेंगे, यह हमारे द्वारा अभी चुने गए विकल्पों से निर्धारित होगा। ऐसी मुफ्त की सुविधा, सम्मान एवं लोकलुभावन की घोषणाओं से कहीं हम पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की तरह अपनी अर्थ-व्यवस्था को रसातल में न ले जाये?

आप सुप्रीमो ने केवल आप सरकारों बल्कि विपक्षी दलों को अपने राज्यों में पुजारियों-ग्रंथियों को सम्मान राशि देने जैसे परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि वे नई योजना में बाधा न डालें, ऐसा करके वे भगवान को क्रोधित करेंगे। भला राजनीतिक स्वार्थ की रोटियों के बीच भगवान कहां से आ गये? शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूत योजनाएं तो ठीक से चला नहीं पाते, अच्छे-भले सम्पन्न एवं निष्कंटक जीवन का निर्वाह करने वाले लोगों के लिये मुक्त की सुविधाएं कैसे कल्याणकारी हो सकती है? पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा की थी, क्या हुआ उस योजना का? दिल्ली में 250 से अधिक इमामों को 17 महीने से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है। मुफ्त बिजली एवं पानी देने की घोषणाएं भी ठण्डे बस्ते में चली गयी। ऐसी अनेक घोषणाएं हैं जो चुनावी मुद्दा तो बनती है, मतदाताओं को लुभाती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद धरती पर उतरती कभी नहीं। सभी राजनीतिक दलों की बड़ी लुभावनी घोषणाएं होती हैं, घोषणा पत्र होते हैं-जनता को पांच वर्षों में अमीर बना देंगे, हर हाथ को काम मिलेगा, सभी के लिए मकान होंगे, सड़कें, स्कूल-अस्पताल होंगे, बिजली और पानी, हर गांव तक बिजली पहुंचाई जायेगी, शिक्षा-चिकित्सा नि:शुल्क होगी। ये राजनीतिक घोषणाएं पांच साल में अधूरी ही रहती है, फिर चुनाव की आहट के साथ रेवडियां बांटने का प्रयत्न किया जाता है, कितने ही पंचवर्षीय चुनाव हो गये और कितनी ही पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो गईं पर यह दुनिया का आठवां आश्चर्य है कि कोई भी लक्ष्य अपनी समग्रता के साथ प्राप्त नहीं हुआ।

खुशहाल देश और समाज वही माना जाता है, जहां लोग निजी उद्यम से अपने गुजर-बसर संबंधी सुविधाएं जुटाते हैं। खैरात पर जीने वाला समाज विपन्न ही माना जाता है। लोग भी यही चाहते हैं कि उन्हें कुछ करने को काम मिले। इसी से उन्हें संतोष मिलता है। मगर हकीकत यह है कि देश में नौकरियों की जगहें और रोजगार के नए अवसर लगातार कम होते गए हैं। सरकारों की तरफ से ऐसे अवसरों को बढ़ाने के व्यावहारिक प्रयास न होने की वजह देश एवं प्रांत समग्र एवं चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर नहीं हो पाते हैं। सरकारें अपनी इस नाकामी एवं कमजोरी पर पर्दा डालने के लिए मुफ्त सहायता देने की परंपरा विकसित कर ली है। चाहे वह मुफ्त राशन हो, बेरोजगारी भत्ता हो या फिर महिलाओं को वजीफा हो, मुक्त बिजली-पानी हो, मुफ्त चिकित्सा हो, मुफ्त यात्रा हो, पुजारियों, मौलवियों एवं ग्रंथियों को मुफ्त वेतन हो- इस मामले में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार पीछे नहीं है। अब तो इस मामले में जैसे एक-दूसरे को पछाड़ने की होड़-सी नजर आने लगी है। सवाल है कि सरकारें इस पहलू पर कब विचार करेंगी कि हर हाथ को काम मिले, रोजगार बढ़े, स्वरोजगार की स्थितियां बने। इस तरह देश साधन-सम्पन्न लोगों में मुफ्तखोरी की आदत डालना सही नहीं है। मुफ्तखोरी की राजनीतिक से लोकतंत्र को खतरा हो सकता है और इससे देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का भी खतरा है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृष**
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**मिथुन**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे।

**कर्क**
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**सिंह**
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**कन्या**
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**तुला**
आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

**धनु**
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**मकर**
आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कुंभ**
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है।

**मीन**
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



चरणजीत मुखिजा
निरीक्षक ( भू अभिलेख )

नमस्कार साथियों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के सुपरस्टार हैं चरणजीत मुखिजा। एक शानदार व्यक्तित्व के रूप में अलवर ही नहीं अपितु अजमेर की जनता इन्हें जानती है। अपने कर्तव्य भाव व लोगों की मदद का भाव इन्हें हमेशा कामकाज के साथ रामकाज से जोड़े रखता है। 10 फरवरी 1973 को अलवर के ऊंटवाल गांव में जन्मे चरणजीत शुरू से ही ग्रामीण परिवेश में जमीन से जुड़कर संस्कारवान जीवन जीते हुए और अपने पिता स्वर्गीय श्री रूपचंद मुखिया (सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक) के बताए हुए पद चिन्हों पर चलते हुए कक्षा आठवी तक गाँव उंटवाल और कक्षा 12 तक नवीन सिनीयर सैकण्ड्री स्कूल से शिक्षा ग्रहण की। राजर्षि कॉलेज से बीएसस, एमए और पीजीडीसीए करने के बाद राजकीय सेवा में आए। सन 1997 से 2000 तक अजमेर में रहे और 2000 से आज तक अलवर जिले में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये निरीक्षक हैं भू अभिलेख (उप पंजीयक कार्यालय अलवर प्रथम) में रामगढ़ और किशनगढ़ तहसील में सेवा के दौरान दो-दो बार गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट सेवा द्वारा उप जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया है। बहुत बेहतरीन इंसान है और सबसे बड़ी बात है कि आज भी जमीन से जुड़ाव बनाए हुए हैं। सब की मदद करने में सबसे मीठे बोलने में और मधुर व्यवहार व मृदुल भाषा के लिए इन्हें बहुत बेहतरीन तरीके से जाना जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 1 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ऑस्ट्रेलिया के लाइबाख क्षेत्र से यहूदियों को 1515 में निष्कासित किया गया।
- चार्ल्स द्वितीय स्टुआर्ट स्कॉटलैंड के राजा 1651 बने।
- स्कॉटलैंड में में 25 मार्च के बजाय एक जनवरी से नये साल की शुरुआत 1600 से हुयी।
- छत्रपति शिवाजी महाराज ने 1664 में सूरत अभियान शुरु किया।
- औस्ट्रेलिया और फ्रांस के बीच शांति समझौते पर 1738 हस्ताक्षर किये गए।
- पेशवा माधव राव प्रथम का निधन होने के बाद 1772में उनके छोटे भाई नारायण राव ने गद्दी संभाली।
- डेली यूनिवर्सल रजिस्टर (टाइम्स ऑफ लंदन) का 1785 में पहला अंक प्रकाशित हुआ।
- अफ्रीकी देश 1808 में सिएरा लियोन ब्रिटिश उपनिवेश बना।
- बेल्जियम और हॉलैंड के बीच जोनहोवेन संधि पर 1833 में हस्ताक्षर किये गए।
- भारतीय दंड संहिता 1862 में लागू किया गया।
- इंग्लैण्ड की महारानी विक्टोरिया 1877 में भारत की साम्राज्ञी बनी।
- देश में मनी आर्डर प्रणाली की शुरुआत 1880 में हुई।
- ब्रिटिश सरकार ने भारतीय मानक को 1906 में स्वीकार किया।
- अमेरिका ने निकारागुआ पर 1909 में हमला किया।
- रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना 1912 में हुई।
- महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये 1915 में वायसरॉय ने केसर-ए-हिंद से सम्मानित किया।
- उत्तरपूर्वी यूरोपीय देश लताविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा 1918 में की।
- अमेरिका में पहला एयर कंडीशंड कार्यालय 1928 में सेन एंतोनियो में खुला।
- इटली का संविधान 1948 को अस्तित्व में आया था।
- बिहार की राजधानी पटना के पास 1948 में स्टीमर 'नारायणी' दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे।
- कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा 1949 में हुई।
- ब्रिटिश सेना ने मिस्र के इस्मालिया क्षेत्र पर कब्जा 1951 में किया।
- भूटान ने पहला डाक टिकट 1955 में जारी किया गया।
- मोरक्को ने स्वतंत्रता 1956 में हासिल की।
- टेलीविजन पर सिगरेट विज्ञापनों का प्रसारण 1971 में प्रतिबंधित किया गया।
- 1972 में बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया।
- जनरल मानिक शॉ को 1973 में फ़ील्ड मार्शल बनाया गया।
- एयर इंडिया का बोइंग 747 1978 में हादसे का शिकार हुआ था. इस विमान में सवार सभी 213 लोगों की मौत हो गई थी।
- लीबिया सरकार द्वारा सभी नागरिकों के लिए सैन्य प्रशिक्षण 1985 में अनिवार्य घोषित हुआ।
- भारत और पाकिस्तान ने 1992 में पहली बार अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियों की अदला-बदली की।
- चेकोस्लोवाकिया का दो स्वतंत्र गणराज्यों-चेक एवं स्लोवाक के रूप में विभाजन 1993 में हुआ।
- उत्तरी अफ्रीका 1994 में मुक्त व्यापार समझौता (नाफ्टा) व्यापारिक बना।
- विश्व व्यापार संगठन 1995 में अस्तित्व में आया।
- सिंगापुर 1996 में एशिया का जापान के बाद दूसरा विकसित देश बना।
- कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर पर 2001 में कोलकाता हुआ था।
- चेक राष्ट्रपति वाक्लाव हावेल को 2004 में गांधी शांति पुरस्कार प्रदान किये गये, सार्क देशों ने दक्षिण एशिया को मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने वाली साफ्टा संधि और सार्क आतंकवाद विरोधी संधि को मंजूरी दी।
- इंडोनेशिया और भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह में 2005 में पुन: भूकम्प के झटके।

## विशेष आलेख

# नववर्ष की शुभकामनाएं

सुनील कुमार महला



**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
उन सभी हलधरों को जो
कड़कड़ाती ठंड में भी मिट्टी से सोना
पैदा करने में निरंतर लगे हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
उन सभी वीर जवानों को जो
सीमा पर दुश्मन से लोहा लेने के
लिए हरदम डटे हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
चूल्हे पर रोटियां पकातीं उन
सभी स्त्री शक्तियों को जो हर रोज़
असंख्य आबादी का पेट भरतीं हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
भारत के हर गांव को जो आज
भी हमारी सनातन-संस्कृति की
अनेक परंपराओं, मिट्टी की महक
को अपने में पिरोये हुए हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
देश के हर मजदूर को जो अपने
खून-पसीने को एक करके हर ऱोज
नव-इबारत लिखते हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
खिलखिलाती वनस्पतियों और
फूलों को जो प्रकृति की छटाओं को
बनाए रखें हुए हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
नदियों, झीलों, तालाबों,
पहाड़ों, पशु-पक्षियों को जो
प्रकृति में ऱोज नवीन रंग भरते
हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
सूरज, चांद-सितारे और
आसमां में असंख्य गैलेक्सियों को
जो मनुष्य/हर जीव-जंतु में
जीजिविषा पैदा करते हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
नवप्रण, नव-संकल्पों और नये
सपनों को जो हमने अपने दिलों में
संजोए हैं !

**नववर्ष की शुभकामनाएं !**
इस देश की मिट्टी के कण-कण
को, पूरे विश्व समुदाय को जो हर
वर्ष बड़ी बेसब्री से नववर्ष के आने
का इन्तजार करते हैं।

# ए नए साल तुझ में नया क्या है..



आज पूरा देश नव वर्ष मना रहा है। नवसंवतसर को नववर्ष मानने वाले भी दबे से स्वर से हैप्पी न्यू ईयर कह रहे हैं, जिसे देखो नए साल पर अनन्त शुभकामनाए दे रहा है। मोबाईल तो इतने सारे रिश्तेदार और सगे संबंधी देखकर हैंग हो गया है और मैं पूछ रहा हूं ए नए साल तुझ में नया क्या है। एक जनवरी की शुभकामनाओं के बाद दूसरे दिन फिर वहीं तेरी-मेरी। वहीं मेज के नीचे से रिश्वत,वही पैसे के पीछे की अंधी दौड़,वही बाप बड़ा ना भैया सबसे बड़ा रूपया, वही बेरोजगार युवा सड़कों पर रोड़ मास्टरी करते हुए, 31 को शराब छोड़ने का दावा और वादा करने वाले शाम होते ही शराब के ठेके पर खड़े नजर आ रहे हैं,वही घोड़े वही मैदान तो फिर ए नए साल तुझ में नया क्या है। नया तो वह होता जब रोशन ये जहां होता,नया तो ये होता जब इंसान सच में जैसा बनता है या समाज को दिखता है वैसा ही हो जाता। पर मैं तो कितने सालों से देखता आ रहा हूं .ए, नए साल ये लोग तेरी आड़ में तुझे कितना बेवकूफ बनाते हैं। मैं तो अंत में यही कहूगां तू इतरा क्यों रहा है नए साल तुझ में नया आखिर क्या है..

रूपक शर्मा

# इतिहास का सबसे बुरा विमान हादसा, दक्षिण कोरिया की एयर सर्विस को माना जाता है सबसे सुरक्षित, चली गई 181 लोगों की जान

दक्षिण कोरिया में हुए विमान हादसे से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि तकनीकी मामलों में मानवीय स्तर पर हुई मामूली चूक भी एक बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। वहां रविवार को मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते वक्त एक विमान हादसे का शिकार हो गया और उसमें आग लग गई। जेजू एअर का यह विमान बैंकाक से दक्षिण कोरिया वापस आ रहा था और इसमें चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल एक सौ इक्यासी लोग सवार थे। इनमें एक सौ उन्यासी लोगों की जान चली गई और मलबे में फंसे चालक दल के सिर्फ दो सदस्यों को जिंदा निकाला जा सका। अब तक हादसे के कारणों की जांच चल रही है। असली वजह बाद में ही सामने आएगी, लेकिन अब तक आ सकी खबरों के मुताबिक संभवत: मौसम खराब होने और किसी पक्षी के टकराने से उतरने की प्रक्रिया में विमान ने संतुलन खो दिया और हवाईपट्टी से फिसल कर दीवार से जा टकराया। कारण जो हो, आपात स्थिति से सही तरीके से निपट पाने में प्रबंधकीय चूक की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। हालांकि दक्षिण कोरिया की विमान सेवाओं को दुनिया की सबसे सुरक्षित सेवाओं में माना जाता है, मगर मुआन में हुई दुर्घटना को वहां के इतिहास के सबसे बुरे हादसों में से एक बताया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# बाघों की अठखेलियां देख आनंदित हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार परिवार सहित रणथम्भौर टाईगर रिजर्व का भ्रमण कर जोन नंबर 4 में बाघिन रिद्धी व उसके शावकों की अठखेलियां देखी और अन्य वन्यजीवों को प्राकृतिक रूप से विचरण करते हुए देखकर आनंदित हुए। इस दौरान वन विभाग के चीफ कंजर्वेटर ऑफ फोरेस्ट (सीसीएफ) अनूप के.आर. और उप वन संरक्षक एवं उपक्षेत्र निदेशक प्रथम रामानंद भाकर ने राज्यपाल महोदय को रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में पर्यटन, वन्य जीवों की स्थिति तथा उनकी देखभाल, वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयास, यहां चल रही विभागीय गतिविधियों, जोगी महल के इतिहास और स्थापत्य के सम्बंध में जानकारी दी। इस दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम चौथ का बरवाड़ा दामोदर सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय मीणा, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता गौरी शंकर मीणा, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांझ ढलते ही गलन, हाड़ कंपा देने वाली सर्दी जगह-जगह अलाव तापते रहे लोग

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में सर्दी का असर मंगलवार को भी रहा। तापमान में गिरावट के साथ ही गलन में बढ़ोतरी हो रही है। इससे जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव देखा गया। हाड कंपा देने वाली सर्दी में लोग घरों से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। जरूरी काम से निकलने वाले कंपकपाते रहे। अलाव ताप कर लोगों ने सर्दी से बचाव किया। बाजार भी देरी से खुले। शाम को जल्दी बंद हो गए। गांवों में सर्दी से बचने के लिए लोग चूल्हों से चिपके रहे। हालांकि दोपहर में कुछ देर के लिए धूप खिली, लेकिन सर्दी से राहत नहीं मिली। मौसम विभाग के अनुसार बादल छंटने के साथ ही पाला पड़ने की संभावना है। सर्दी से बचाव के लिए पशुपालकों को सतर्क किया गया है। पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए रात के समय खुले में नहीं बांधने, उनके ऊपर टाटनुमा या मोटा कपड़ा डालने तथा बाड़े के चारों तरफ तिरपाल या टाट तथा कड़बी लगा कर रखने की सलाह दी गई है।

**बादलों की ओट में छिपे रहे सूर्यदेव :** सुबह बादल भी सूर्यदेव के आगोश में लिपटे रहे। ऐसे में सूर्यदेव के नहीं निकलने से सर्दी का असर ज्यादा रहा। सर्दी से सुबह-सुबह रोडवेज व ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी हुई। हालांकि कोहरे के चलते कुछ ट्रेनें भी निर्धारित समय से देरी से चली।

**गिरने लगा दिन व रात का तापमान :** जिला मुख्यालय पर सर्दी के तेवर तीखे होने व कोहरा शुरू होने से अब दिन व रात का तापमान भी लुढकने् लगा है। जिला मुख्यालय पर सोमवार को अधिकमत तापमान 18 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। शीतलहर चलने से कड़ाके की सर्दी असर बरकरार रहा। मौसम विभाग के अनुसार जिले में आगामी में दिनों में तेज सर्दी व कोहरे का असर रहेगा।

**सुबह देरी से खुली दुकानें :** शीतलहर व गलन के चलते सुबह बाजार में दुकाने देरी से खुल रही है। वहीं रात को आठ बजे तक शहर के मुख्य चौराहे व बाजार में दुकाने बंद हो जाती है।ऐसे में रेलवे स्टेशन रोड पर ही होटल, ढाबे व गर्म पेय पदार्थों की दुकानें खुली रहती है।

# मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी व राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपे

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी ने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नाम तथा राजस्व मंत्रालयिक संघ ने मंत्रालयिक निदेशालय के गठन के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम लिखे ज्ञापनो की प्रतियां उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी को सौंपी गई। मंगलवार को मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी की ओर से प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति उपखण्ड अधिकारी को सौंपी गई। ज्ञापन में बताया गया कि आजादी के समय मालपुरा को जिले का दर्जा प्राप्त था। लेकिन तत्समय की चली मालपुरा की कमजोर परिस्थिति के चलते मालपुरा से जिले का दर्जा छीन लिया गया। ज्ञापन में अवगत कराया गया मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी के अथक प्रयासो के बाद राज्य की कांग्रेस सरकार के शासनकाल में मालपुरा को जिला बना दिया गया था। लेकिन गत दिनो सरकार ने मालपुरा को पूर्व की सरकार द्वारा दिया गया जिले का दर्जा वापस लेकर क्षेत्र की जनता के साथ कुठाराघात किया गया है। ज्ञापन में जलदाय मंत्री चौधरी ने मालपुरा की भौगोलिक स्थितियो को देखते हुए मालपुरा को शीध्र धोषित किया जाकर मालपुरा क्षेत्र के विकास के सभी रास्ते खोले जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देते समय मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी के सदस्यो सहित मालपुराशहरवासी मौजुद रहे।

**राजस्व मंत्रालयिक संघ ने सौंपा ज्ञापन :** मंगलवार को राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी को सौंपी। संघ के ब्लाक अध्यक्ष राकेश कुमार टेलर के नेतृत्व में राजस्व कर्मचारियो के प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संघ ने राज्य सरकार द्वारा अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक संवर्ग के लिए गठित किए जा रहे मंत्रालयिक निदेशालय का गठन किया जा रहा है। इसमें सभी विभागो के मंत्रालयिक कर्मचारियो को शामिल किया जा रहा है। संघ की ओर से सौंपे ज्ञापन में मंत्रालयिक निदेशालय में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियो को शामिल नहीं किए जाने की मांग की गई। संघ की ओर से निदेशालय का गठन राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियो के हित में नहीं माना गया है। साथ ही संघ की ओर से सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि अब तक राजस्व मंडल, उप निवेशन विभाग, भू प्रबन्ध विभाग व संभागीय आयुक्त सहित मंत्रालयिक संवर्ग के अन्तर्गत सीधी भर्ती के पद कनिष्ठ सहायक पर नियुक्ति कलेक्ट्रेट आदि को ही सीधे ही कनिष्ठ सहायक का पृथक पृथक आवंटन किया जाता रहा है। साथ ही विभागो के कार्यालयो में कार्यरत मंत्रालयिक संवर्ग के कर्मचारियो की वरिष्ठता का निर्धारण भी जिला स्तर पर किया जाकर जिला स्तर पर ही विभागीय पदौन्नति की जाती है। जबकि अन्य विभागो में वरिष्ठता का निर्धारण राज्य स्तर पर एवं मण्डलवार होता है। ऐसी स्थिति में निदेशालय मंत्रालयिक कर्मचारियो के हित में नहीं है। ज्ञापन देते समय विष्णु बारेंठ सहित राजस्व विभाग के सभी मंत्रालयिक कर्मचारी मौजुद रहे।

# 40 जरूरतमंदो को ऊनी कम्बल वितरित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की ओर से मंगलवार को क्षेत्र के 40 जरूरतमंद लोगो को ऊनी कम्बलो का वितरण किया गया। मालपुरा क्षेत्र में पड़ रही तेज ठंड को देखते हुए क्लब की ओर से कम्बल वितरण का निर्णय लिया गया।

निर्णय के अनुसार शहर के विभिन्न इलाको में रहने वाले 40 जरूरतमंद परिवारो को ऊनी कम्बलो का वितरण किया गयचा। इस मौके पर आगामी अध्यक्ष महेश गुप्ता, राकेश जैन नेवटा,पवन जैन संगम,अरूण काबरा, निर्वाचित सहायक प्रान्तपाल भागचन्द जैन, मनोज जैन, सीताराम जाट सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे।

# भागवत कथा में सुनाया भगवान वामन अवतार प्रसंग

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा (नि.स.)।** नटवाड़ा कस्बे में श्री बद्रीनाथ मंदिर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचक साध्वी राधिका दीदी ने भगवान वामन अवतार की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाई। राधिका दीदी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। प्रसंग में उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धनसंपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोहग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। कथा के दौरान वामन अवतार की झांकी दिखाई गई और तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली.... भजन पर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

# केबिनेट मंत्री ने स्वत : प्रवाहित भूजल के मौके का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मंगलवार को जैसमलेर जिले में सुथारवाड़ा-मोहम्मदगढ़ में बोलवेल करते समय निकली जलधारा का ओचक निरीक्षण किया। कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि गत दिनो सुथारवाड़ा-मोहम्मदगढ़ में बोलवेल करते जलधारा शुरू हुई। इस जलधारा का समूचे प्रदेश में काफी चर्चा रही। साथ ही जलधारा से आसपास के खेतो में भी पानी भर गया। जिसके चलते प्रदेश के केबिनेट मंत्री जलदाय विभाग कन्हैयालाल चौधरी ने भू जल विभाग के अधिकारियो के साथ मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। चौधरी ने अधिकारियो को निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि मौके पर जलधारा कहां से व कैसे निकली। साथ ही जलधारा के मुख्य स्त्रोत के बारे में जानकारी कर शीध्र रिपोर्ट प्रस्तुत करे। चौधरी इस दौरान मौजुद किसानो से मिलकर आश्वासन दिया कि मामले की पूरी जांच करवाई जाकर पता लगाया जाएगा कि आखिर जलधारा कहां से आई, इसका मुख्य स्त्रोत कहां है। इस दौरान चौधरी के साथ विधायक छोटु सिंह भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा सहित क्षैत्रीय प्रशासनिक व विभागीय आला अधिकारी मौजुद रहे।

**विभागीय अधिकारियो की ली बैठक :** पाराशर ने बताया कि केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी अपने जैसलमेर दौरे के दौरान बाड़मेर, बालोतरा व जैसमलमेर जिलो के विभागीय अधिकारियो की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। चौधरी ने इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय कार्य योजनाओं, लम्बित प्रकरणो के निस्तारण तथा जन समस्याओं के समाधान की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान विधायक छोटु सिंह, महन्त प्रतापपुरी, रविन्द्र सिंह भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सारड़ा, जिला प्रमुख व कई जनप्रतिनिधि व जिलो के आला अधिकारी मौजुद रहे।

# ठंड से कांपते रहे लोग, दिन भर नहीं हुए सूर्य देव के दर्शन

बढ़ता राजस्थान



**बालघाट/गंगापुरसिटी( नि.स. )।** वर्ष के आखिरी दिन मंगलवार को भी लोग ठंड से कांपते रहे। पूरा दिन सूर्य देवता के दर्शन तक नहीं हुए। अल सुबह धुंध का कहर भी जारी रहा। पूरा दिन ही धूप नहीं निकली। ठंड के कारण दुकानदार दुकानों के बाहर अलाव जला कर ठंड से बचने का प्रयास करते रहे। ठंड के कारण बाजारों में भी रौनक कम ही रही। पिछले कई दिनों से कंपकंपा देने वाली ठंड ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। रजनीश मीना ,अजीत सिंह , विजेंद्र सैनी ने बताया कि ठंड के कारण बेसहारा जानवरों से किसानों को रखवाली करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।






# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला सवाई माधोपुर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर को पांच चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना ने बताया कि हर नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार 31 दिसम्बर को पीएचसी पीपलवाड़ा, शेषा, लहसोड़ा,सेलु, सारसोप में शिविर आयोजित हुए। जिले में 31 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाले शिविरों में विभिन्न विशेषज्ञों की टीम मौजूद रहेगी, जिसमें चिकित्सक, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट और नर्सिंगकर्मी शामिल होंगे। इन शिविरों में विभिन्न प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध होंगी, जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जाएगी। साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, डायबिटीज हाइपरटेंशन व अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग की सुविधा होगी। इसके अलावा टीबी मरीजों की जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे करवाना, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल में अपडेट करवाना, कुपोषित बच्चों की पहचान, कुष्ठ रोगियों का उपचार, नियमित टीकाकरण और परिवार कल्याण साधनों का वितरण सहित अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार किया जाएगा।

**सेलु के हुसैन खान के मोतियाबिंद की हुई पहचान, ऑपरेशन के लिए किया रैफर**

सेलु निवासी हुसैन खान कई दिन से आंख में होने वाली तकलीफ से परेशान थे, उन्हें दिखाई देने में परेशानी, आंखों में लालिमा की तकलीफ थी। मंगलवार को जब सेलु चिकित्सा संस्थान में शिविर का आयोजन हुआ तो उन्होंने शिविर में अपनी आँखों की जांच करवाई। नेत्र विशेषज्ञ द्वारा जांच करने पर पता चला कि उनकी आँखों मे मोतियाबिंद है। शिविर में हुसैन खान के मोतियाबिंद की पहचान के साथ साथ उन्हें ऑपरेशन के लिए जिला अस्पताल में रैफर किया गया। हुसैन खान ने शिविर में मिली चिकित्सा सुविधा के लिए विभाग व सरकार का धन्यवाद दिया।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खंडार उपखंड मुख्यालय स्थित अग्रवाल धर्मशाला के समीप बिजली शॉर्ट सर्किट के कारण सोमवार को दोपहर करीब एक बजे अचानक घर में आग लग गई । इससे मकान मालिक को लाखों का नुकसान हो गया। गांव के भूर्या मथुरिया, विष्णु आदि ने बताया कि पीड़ित बृजेश पुत्र रामेश्वर मीणा अपने परिवार के साथ बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान मकान के अंदर बिजली शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। परिवार वालों ने कमरे से आगे की लपटें उठती देखी तो उनके होश उड़ गए। शोर होने पर आसपास के पड़ौसी मौके पर पहुंच गए। वहीं सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, जिसके बाद पुलिस व लोगों ने ट्यूबवेल की सहायता से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। लोगों ने बताया कि पीड़ित मकान मालिक परचूनी की दुकान लगाकर अपना परिवार का गुजारा करता था। आग लगने से घर में रखी खाद्य सामग्री सहित नकदी व दुकान का सभी सामान जलकर राख हो गया। लोगों ने बताया कि गनीमत रही कि शार्ट सर्किट के दौरान परिवार के सभी लोग बाहर चौक में बैठे हुए थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। पीड़ित ने नुकसान भरपाई के लिए तहसीलदार पुष्कर सिंह को ज्ञापन सौंपकर मुआवजे की मांग की है।

**इनका कहना है...**

संबंधित हल्का पटवार को मौका मुआयना के निर्देश दिए हैं। इसके बाद कार्यवाई कर सरकारी नियम अनुसार पीड़ित को मुआवजा दिलवाया जाएगा।

**पुष्कर सिंह, तहसीलदार, खंडार**

# जिला स्तरीय बैंकिंग सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

## बैंको में लंबित आवेदनों का योजनाबद्ध तरीके से निस्तारण करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला स्तरीय बैंकिंग सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक मंगलवार को एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। एडीएम ने विभिन्न सरकारी योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2024–25 सितंबर तिमाही की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिले के बैंकिंग विकास के आधारभूत आंकड़ों, ऋण जमा अनुपात की स्थिति, जिले की वार्षिक साख योजना की सितंबर तिमाही 2024 की प्रगति की रिपोर्ट लेते हुये निर्देश दिये। उन्होंने बैंकिंग सेवा में डिजिटल के उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा कर प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही डिजिटल लेनदेन मे फ्रॉड एवं धोखाधड़ी से सतर्क रहने के लिये ग्राहकों को जागरूक करने पर बल दिया एवं इस तरह के मामलों मे बैंकों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं एवं बैंकों में लम्बित आवेदनों का योजनाबद्ध तरिके से समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के लिये निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा की इस हेतु शिविरों का आयोजन कर आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जायें। उन्होंने कहा कि बैंकिंग से संबंधित योजनाओं में पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम सामाजिक सुरक्षा योजना, पीएम जनधन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सोलर लाइट योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना सहित अन्य सम्बंधित योजनाओं में अच्छा कार्य कर आम लोगों के मानदंडों अनुसार अच्छा प्रदर्शन करें, ताकि इन योजनाओं से लाभान्वित होने से शेष रहे आमजन को संतृप्त कर संतृतिकरण का प्रतिशत बढ़ाया जा सकें।

एडीएम ने समस्त बैंकों के जिला समन्वयक को वार्षिक साख योजना के महत्व को समझाते हुये सरकारी योजना के प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने लम्बित प्रकरणों पर माइको प्लानिंग करने के भी निर्देश दिये। अग्रणी जिला प्रबन्धक मुकेश गुर्जर ने बताया कि इसमें जिले की



वार्षिक साख योजना अनुसार प्राथमिक क्षेत्र में कृषि क्षेत्र के रूपये 5271 करोड़, उद्योग क्षेत्र के रूपये 1902 करोड़ एवं अन्य क्षेत्र के 435 करोड़ कुल रूपये 5706 करोड़ के लक्ष्य बैंकों को प्रदान किये है। जिसमें सितंबर तिमाही तक कुल प्रगति 3389 करोड़ रही जो कि वार्षिक लक्ष्य का 59.39 प्रतिशत है। इस दौरान अग्रणी जिला अधिकारी रिजर्व बैंक अक्षय गुंबर, क्षेत्रिय प्रबंधक बीआरकेजीबी एम. एल. कुलदीप, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मीनाक्षी मीणा, जिला उद्योग केंद्र भिवाड़ी महाप्रबंधक सरजीत खोरिया, पार्षद प्रेम देवी, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, राजीविका बीपीएम नीमराना, पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र निदेशक अभिषेक मिश्रा, अग्रणी बैंक कार्यालय से रणजीत यादव समेत अन्य जिला समन्वयक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

परिसीमन को लेकर ग्रामीणों का फिर से विरोध

## नयावास के लोगों ने एसडीएम ऑफिस पर किया प्रदर्शन, पहले की तरह ब्रह्मबाद ग्राम पंचायत में जोड़ने की मांग




बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** तहसील क्षेत्र के गांव नयावास के ग्रामीणों ने परिसीमन में हटाए गए उनके गांव को पहले की तरह ही ब्रह्मबाद ग्राम पंचायत में जोड़ने की मांग फिर से उठाई है। इसे लेकर मंगलवार को दर्जनों ग्रामीण बयाना एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए नयावास को पुराबाई खेड़ा ग्राम पंचायत से हटाकर पहले की तरह ब्रह्मबाद पंचायत में जोड़ने की मांग की। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीएम दीपक मित्तल को ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई नहीं करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। एसडीएम दफ्तर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि नयावास गांव शुरू से ही ब्रह्मबाद ग्राम पंचायत का हिस्सा रहा है। नयावास गांव ब्रह्मबाद में ही मिला हुआ है। केवल मात्र रेलवे फाटक बीच में है। ग्रामीणों ने बताया कि साल 2020 में हुए गत पंचायती राज चुनावों में परिसीमन करते हुए नयावास गांव को ब्रह्मबाद ग्राम पंचायत से हटाकर 8 किलोमीटर दूर की पुराबाई खेड़ा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की सहमति के बिना जोड़ दिया गया था। जिसका ग्रामीणों ने उस समय पुरजोर विरोध किया था और कई दिनों तक धरना प्रदर्शन करने के साथ ही कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा था। लेकिन आश्वासन के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि ब्रह्मबाद के करीब 50 परिवार नयावास में रहते हैं। जबकि उनके नाम ब्रह्मबाद में दर्ज हैं। ब्रह्मबाद का शीतला माता का लक्खी मेला नयावास में लगता है। इसी मेले के कारण ब्रह्मबाद की पहचान है। इस दौरान युवा अध्यक्ष मनोज पाराशर, सुरेंद्र पाराशर, तुलसी तिवारी, डब्बू पाराशर, मोहरसिंह जलजला, हरिओम तिवारी, संजीव मीणा, हरिसिंह, दीपक भंडारी, धारा मीणा विष्णु, शिवराम, ओमप्रकाश मीणा, वीरेन्द्र मीणा आदि कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### पंचायतीराज चुनावों का किया बहिष्कार

परिसीमन से नाराज ग्रामीणों ने तब से ही पंचायती राज चुनावों का विरोध किया हुआ है। इसकी वजह से पूरे 5 साल ग्राम पंचायत में वार्ड पंचों के 2 पद रिक्त रहे हैं। 2023 विधानसभा चुनाव में प्रशासन की समझाइश के बाद सभी ग्रामवासियों ने वोट डाले थे।

# नव वर्ष के आगमन पर पर्यटकों से गुलजार हुआ सरिस्का

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नए साल का जश्न मनाने लोग बड़ी संख्या में अब सरिस्का पहुँचने लगे हैं। ऐसे में देशी विदेशी सैलानियों से सरिस्का गुलजार नजर आया। मंगलवार को सुबह से ही सफारी फुल नजर आई ऐसे में बाघ परियोजना उपवन संरक्षक अभिमन्यु सहारण ने अपनी पूरी टीम के साथ पर्यटकों की सुविधा व उनकी जागरूकता के लिए प्रबंध किए हुए थे। अलवर के सरिस्का में बाघों की बढ़ती संख्या और जंगल की खुबसूरती के चलते बड़ी संख्या में पर्यटक पहुँच रहे हैं। बाघों की साईटिंग भी लगातार चल रही है ऐसे में भारी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक सरिस्का आए हुए हैं।

**सरिस्का के तीनों बाघों के नामकरण हुए :** उपवन संरक्षक बाघ परियोजना सरिस्का अभिमन्यु साधारण ने





बताया कि जंगल में यह हर्ष का विषय है बाघ परियोजना सरिस्का में बाघ परियोजना में बाधिन एसटी–19 के तीन शावकों को जिनकी उम्र 1 वर्ष 9 माह के करीब है उनका नामकरण वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक सरिस्का बाघ परियोजना अलवर ने कर दिया और जिसमें एसटी–2403, एसटी–2404, एसटी– 2405 किया गया है। और उक्त शावक वर्तमान में परियोजना अधिनियम वन क्षेत्र में स्वतंत्र में स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं।

# शहर में आया पैंथर : लोगों में मचा हड़कम्प

## चार घण्टों की मशक्कत के बाद वन विभाग ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पिछले एक माह से आँख मिचौनी खेल रहे बघेरे का रूख मंगलवार को अचानक शहर की ओर हो जाने से खासा हडकम्प सा मच गया। शहर के रामगंज बाजार और फिर वहां से कम्पनी बाग आ जाने से आस पास के रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया।

इसके चलते सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुँच गई। बघेरे को ट्रेक्यूलाईज करने का प्रयास भी किया गया लेकिन



भारी भीड़ के कारण जानवर भड़क गया और भाग निकला। ऐसे में कम्पनी बाग में से पैंथर को ट्रक्यूलाईज करना बेहद मुश्किल था लेकिन ऐसे में वन विभाग के रेंजर शंकर सिंह और उनकी टीम ने साहस का परिचय देते हुए पैंथर को पकड़ ही लिया जहां से उसे ले जाकर वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

# नेता प्रतिपक्ष ने की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर मंगलवार को जनसुनवाई की। जनसुनवाई में पेयजल समस्याए बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण और सामाजिक सुरक्षाओं से संबंधित शिकायते लोग बड़ी संख्या में लेकर पहुंचे। जूली ने आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जूली बोले प्रदेश की सरकार और उनके मंत्रियों को उद्घाटन और शिलान्यास एवं सरकार की उपलब्धियां गिनाने से फुर्सत नहीं हैए इधर जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रही है। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद और विधायक जनता की समस्याओं के समाधान की बजाय सरकार का बखान करने का ढोल पीट रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में पानी और बिजली की समस्याओं



ने आमजन का जीना दुश्वार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालय में चक्कर काट रही है लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान के स्थान पर आश्वासन के कोरे छींटे दिए जा रहे हैं। जूली ने भाजपा के जनप्रतिनिधियो द्वारा जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास केवल झूठ के पुलिंदे के सिवा कुछ नहीं है जिससे निराश जनता हमारे पास उम्मीद भरी आस लेकर पहुंच रही है क्योंकि चाहे राज बदल गया हो कांग्रेस पार्टी की जनसुनवाई से आम जनता को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व जलदाय और बिजली विभाग सर्दी के मौसम में भी आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने एक दिन पूर्व ही अलवर ग्रामीण सहित प्रदेश में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल खराबे पर प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

# अलवर रंगम थिएटर फेस्टिवल में दो शानदार नाटकों की प्रस्तुति’

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर रंगम थिएटर फेस्टिवल 2024 के अंतर्गत आज महावर ऑडिटोरियम में दो महत्वपूर्ण नाटकों का मंचन किया गया। फेथ इन थिएटर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत शाम 6 बजे का पहला नाटक दो अनजाने एक सफर जिसके लेखक और निर्देशक डॉ.ऋषिपाल योगी हैं। नाटक ने बुजुर्गों के जीवन की खूबसूरत कहानी प्रस्तुत की। 70 मिनट के इस नाटक में दो वरिष्ठ नागरिकों की बातचीत के माध्यम से यह दर्शाया गया कि उम्र के इस पड़ाव पर भी जीवन कितना समृद्ध और सार्थक हो सकता है। इसी दिन शाम 7:30 बजे डॉ. चंद्रशेखर फंसालकर द्वारा लिखित और सुनील चौहान के निर्देशन में नाटक टैक्स फ्री का मंचन हुआ। 60 मिनट के इस नाटक में नेत्रहीनों के एक विशेष क्लब की रोचक कहानी प्रस्तुत की गई। नाटक में दर्शाया गया कि किस तरह नेत्रहीन लोग अपनी परिस्थितियों से ऊपर उठकर जीवन का आनंद लेते हैं। दोनों ही नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें गहरी सोच में डाल दिया। रंग संस्कार थिएटर ग्ररुप द्वारा आयोजित यह 100 दिवसीय महोत्सव 18 दिसंबर 2024 से 27 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आज सायंः 6:30 बजे नाटक दो अकेली का मंचन होगा।

# बाघों की मॉनिटरिंग कार्यों में कार्यरत स्टाफ व चौकियों पर कार्यरत स्टाफ के लिए कंबल वितरित किए

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वन्य वन एवं वन्य जीव संरक्षण हेतु कार्यरत संस्था टाइगर लाइफ फाउंडेशन के संयोजन से आशीष शर्मा और वह अश्विनी कोटवाल के द्वारा बाघ परियोजना सरिस्का में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में कार्यरत स्टाफ हेतु 100 कंबल उपवन संरक्षक बाघ परियोजना सरिस्का को उपलब्ध कराए गए हैं बाघ परियोजना सरिस्का में बाघों की मॉनिटरिंग कार्यों में कार्यरत स्टाफ एवं अंदरूनी चौकिया पर कार्यरत स्टाफको उक्त कंबल वितरित किए जाएंगे जिससे उक्त स्टाफको शीत ऋतु में ड्यूटी के दौरान सुविधा प्राप्त होगी यह जानकारी कार्यालय उपवन संरक्षक बाघ परियोजना सरिस्का अभिमन्यु सहारण ने दी।




# सर्दी का सितम्, के साथ गुलगुले का आनंद, पौष बड़ा में उमड़ा लोग

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पौष मास के साथ 40 दिन के चिल्ला प्रारंभ होने के साथ ही पोस बड़े का आयोजन प्रारंभ हो जाता है इसी श्रृंखला में लोग अपने–अपने हिसाब से इसका आयोजन करते हैं ।

भुसावर छोंकरवाड़ा मार्ग पर विद्यापीठ के पास प्रेम डिपार्टमेंटल स्टोर पर पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। नित्यानंद तिवारी विवेक सोनी




आदित्य अधिवक्ता प्रकाश जैमन संजय शर्मा राधे ठेकेदार तेजस्व तिवारी कैलाश शर्मा नरसी खटाना नेम सिंह बच्चू टाइल वाले ब्रजेश लवानिया पृथ्वी राज चौहान सहित अनेक लोग सम्मलित हुए।

# युवाओं को अपने मौहजाल में फंसाकर, डिलीवरी बॉय कम्पनियों को लगा रहे चूना

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उपखंड भुसावर क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों के ऑनलाईन सामान को घरों तक पहुँचाने का कार्य कर रहे डिलीवरी बॉय जमकर कम्पनियों को चूना लगाने में लगे हुए हैं और 30 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत रकम लेकर डुप्लीकेट या पुरानी वस्तु पार्सल में रखकर कम्पनियों को वापिस भेजकर मोटी रकम कमाने में लगे हुए हैं। जिसे देखकर भी प्रशासन पूरी तरह अंजान बना हुआ है और क्षेत्र के युवा इस खेल में फंसते जा रहे हैं। वहीं ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर फ्लिपकार्ड अमेजॉन तथा अन्य कंपनियों को लाखों रूपये का प्रतिदिन चूना इन डिलेवरी बॉय द्वारा लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में ऑनलाईन शॉपिंग का खुमार आमजन पर जमकर चढा हुआ है। जिससे बाजार पूरी तरह ठप नजर आ रहे हैं। वहीं इसका फायदा पूरी तरह डिलीवरी वॉय उठा रहे हैं जो ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले युवाओं से संपर्क करते हैं और उन्हें कमीशन के खेल में फंसाकर लालच देते हैं जिसके बाद युवा उस लालच में फॅसकर कम्पनियों का नुकसान कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि भुसावर क्षेत्र में डिलीवरी वॉय ग्राहकों से संपर्क करते हैं तथा उनको 30 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत का लोभ देकर माल की रिटर्न लगवा देते हैं और उनसे पैसा वसूल कर कंपनी की थैली व डिब्बे को ले जाते हैं और उनमें पुराना सामान रखकर कंपनी को लाखों का चूना लगाते हैं। ऐसा करते हुए यह करीब 10 से 20 हजार रुपए प्रतिदिन का कमीशन वसूल करते हैं। जो इनको कमीशन नहीं देते हैं उनकी आईडी बंद करवा देते हैं जिससे ग्राहक का पैसा अटक जाता है जब उसकी शिकायत की जाती है तो यह अपना पल्ला झाड़ देते हैं और यहां तक की झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। क्षेत्र में इनके कारनामों के कारण रियल सामान मंगाने वालों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

# जनवरी से मातृ एवं शिशु अस्पताल में 24 घंटे होगी ब्लड की जांच, तीन बजे तक लेंगे सैंपल, रोजाना 400 मरीजों की होती हैं जांच

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** सैंपलों की जांच करते स्टॉफ कर्मचारी। पीएमओ डॉक्टर विजय सिंह ने बताया कि मातृ एवं शिशु अस्पताल में 24 घंटे लैब को खुला रखने के लिए 3 शिफ्ट में लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी लगाई जाएगी। दो शिफ्ट में दो–दो स्टॉफ रहेगें और रात में एक स्टॉफ रहेगा। उन्होंने बताया की इसी तरह नए अस्पताल मे दो शिफ्ट में स्टॉफ को लगाया गया है। एक जनवरी से यह सुविधा शुरु हो जाएगी। मातृ एवं शिशु अस्पताल में रोजाना अनुमानित करीब एक हजार मरीज पहुंच जाते हैं।

जिसमें से रोजाना करीब 150 मरीजों की जांच होती है। ऐसे ही नए जिला अस्पताल में रोजाना अधिक से अधिक दो हजार की ओपीडी में रोजाना 500 से 600 मरीजों की ब्लड जांचें होती है। इस समय ओपीडी में करीब 1300 मरीज पहुंच रहे हैं।

# बयाना रेलवे स्टेशन के मोटर साइकिल पार्किंग पर अन्नकूट प्रसादी महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** पौष के महीने में ब्रज क्षेत्र की संस्कृति के अनुरूप अन्नकूट महोत्सव के आयोजन लगातार हो रहे हैं। मंगलवार को बयाना कस्बे के रेलवे स्टेशन मोटर साइकिल पार्किंग पर पार्किंग भक्तमण्डल की ओर से अन्नकूट प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर कढ़ी, बाजरा, खीर और मिक्स सब्जी की अन्नकूट प्रसादी श्रद्धा भाव से ग्रहण की। आयोजन समिति से जुड़े राम पटेल ठेकेदार ने बताया कि सर्दी के मौसम में गर्म तासीर के व्यजनों युक्त अन्नकूट का विशेष धार्मिक



और वैज्ञानिक महत्व है। भोलेनाथ को अन्नकूट का भोग लगाने के साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है। 5 हलवाइयों की टीम ने 150 किलो बाजरा, 200 किलो दूध, 50 किलो चावल, 500 किलो मिक्स सब्जी का अन्नकूट प्रसाद तैयार किया।

# बयाना गांव अड्डा के अखिलेश गुर्जर आईसीजी में बने असिस्टेंट कमांडेंट: मिलिट्री स्कूल से की प्रारंभिक पढ़ाई, बास्केटबॉल के रहे प्लेयर

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** गांव अड्डा निवासी अखिलेश गुर्जर का चयन रक्षा मंत्रालय के अधीन भारतीय तट रक्षक बल में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हुआ है। गुर्जर इन दिनों दिल्ली में ट्रेनिंग ले रहे हैं। गुर्जर के पिता स्कूल व्याख्याता उमेश सिंह तंवर छ्क्क्ष्ह कार्यालय में तैनात हैं। अखिलेश ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई मिलिट्री स्कूल चित्तौड़गढ़ से की है। अखिलेश बास्केटबॉल के प्लेयर रहे हैं। नेशनल टूर्नामेंट में भरतपुर जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अखिलेश ने बताया कि उनकी शुरू से ही फोर्स में जाने की इच्छा थी। इसके लिए उन्होंने बचपन से फिजिकल फिटनेस पर भी ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि सफलता के लिए समर्पण भाव और एकाग्रता से लक्ष्य का पीछा करना जरूरी है।

# शीतलहर के प्रकोप तले कपासन में आमजनजीवन हो रहा प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में कोहरे के साथ लगातार शीतलहर का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।जिससे आमजनजीवन प्रभावित होता दिखाई दे रहा है।जिसमे क्षेत्रीय आमजन तीव्र शीतलहर के प्रकोप से बचाव हेतु गर्म ऊनी वस्त्रों सहित अलाव का सहारा ले रहा है।नगर के प्रमुख बाजारों में ग्रामीण अंचल से आने वाले ग्रामीणजन दोपहरी तक आवश्यक खरीददारी कर अपने गंतव्य की और प्रस्थान कर जाते है।जबकि नगर क्षैत्र के मुख्य मार्ग एवं बाजारों में लोगों द्वारा प्रतिष्ठानों के बाहर अलाव लगाकर शीतलहर से राहत ली जा रही है।

इधर शीतलहर के प्रकोप तले क्षैत्र में गर्मागर्म नाश्ता एवं व्यंजनों के लुत्फ भी आमजन एवं युवा वर्ग द्वारा भरपूर उठाया जा रहा है।यहां तीव्र शीतलहर



को देखते हुवे आगामी दिनों में सर्दी और तीव्र होने की संभावना बनी हुई है।

## पतंजलि योग समिति की अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का योग शिविर हरिद्वार में

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** दिनांक 1 जनवरी 2025 से 5 जनवरी 2025 तक पतंजलि योग समिति की अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी योग शिविर हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ 2 में आयोजित हो रहा है । पतंजलि योग समिति चित्तौड़गढ़ के जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि पूरे भारतवर्ष की पतंजलि समिति के मुख्य कार्यकर्ताओं का योग शिविर हरिद्वार में हो रहा है जिसमें रावतभाटा के योगाचार्य राधेश्याम शर्मा का चयन हुआ है जिसमें योग गुरु बाबा रामदेव योग की नवीनतम जानकारियां प्रदान करेंगे। इस योग शिविर में प्रशिक्षण लेकर नवीनतम जानकारी के साथ समाज में



योग का प्रचार प्रसार करके समाज को स्वस्थ प्रदान करेंगे।

# शहीद को नमन : जिला अस्पताल में आयोजित हुआ बलिदान दिवय कार्यक्रम

## विधायक एवं कलक्टर की मौजूदगी में शहीद राजमल मीणा को याद किया

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** बारां राजकीय जिला अस्पताल परिसर में शहीद राजमल मीणा के बलिदान दिवस पर शहीद के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। कार्यक्रम में शहीद के परिवारजनों में शहीद की वीरांगना कमलेश मीणा एवं पुत्र को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके बाद सेना और पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर शहीद को सलामी दी। विधायक राधेश्याम बैरवा ने शहीद राजमल मीणा के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एक भावुक और प्रेरणादायक संबोधन दिया। उन्होंने शहीद की वीरता, समर्पण और बलिदान के महत्व पर गहरी बातें कीं। विधायक ने अपने संबोधन की शुरुआत शहीद के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करते हुए की। उन्होंने कहा, आज हम यहां एक ऐसे वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिनका नाम हमारे दिलों में हमेशा के लिए अंकित रहेगा। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की और हमें स्वतंत्रता और सुरक्षा की भावना दी। उनका बलिदान हमारे समाज के लिए अमूल्य धरोहर है। हम उनके साहस, उनके समर्पण और उनकी वीरता को हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया। हम उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकते। अगर हमें शहीदों के कर्तव्यों को सच्चे अर्थों में सम्मानित करना है, तो हमें अपने कार्यों में ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाना होगा। कार्यक्रम में विधायक ललित मीणा एवं विधायक कंवर लाल मीणा ने शहीद राजमल मीणा के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका योगदान हमेशा राष्ट्र के प्रति सम्मान और प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और ऐसे वीर सपूतों की याद में आयोजित कार्यक्रम हमें देश भक्ति और समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं।



जिला कलक्टर ने उनकी वीरता और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि शहीद राजमल मीणा ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो हमेशा हमारे दिलों में अमर रहेगा। जिला कलक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं को शहीदों से प्रेरणा लेने और देशसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। पीएमओ नरेन्द्र मेघवाल ने कहा कि शहीद राजमल मीणा का बलिदान न केवल हमारे जिले के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है उनका जीवन हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएं। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन, एसडीएम अभिमन्यु सिंह कुंतल, वरिष्ठ अधिकारी, अस्पताल स्टाफ, और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नेत्र शिविर में 254 मरीजों की आखों की जांच की गई

## 52 मोतियाबिंद के रोगियों के होगे निशुल्क आपरेशन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में जैन सोश्यल ग्रुप के तत्वधान में स्व. लीला बाई नाथूलाल ओसवाल की स्मृति में रविवार को जैन अथिति गृह पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 254 मरीजों की आखों की जांच की गई तथा आपरेशन योग्य 52 मोतियाबिंद के मरीजों का चयन किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के अथिति तहसीलदार जतिन दिनकर,डॉक्टर रमेश खटीक,डॉक्टर राजकुमार बाघेला,थाना प्रभारी अमर नाथ जोगी,जैन सोशल ग्रुप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज जैन,व्यापार संघ अध्यक्ष मनोहर लाल ओसवाल,किराना व्यापार संघ उपाध्यक्ष धमेंद्र जैन, सरपंच प्रेमलता अशोक भंडारी,नितेश शर्मा ,बुद्धि बल्लभ सारडा,पारस कटारिया,करणसिंह,भगवान सिंह,व्यापार संघ पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल अग्रवाल,जैन मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष केसरीमल जैन ने भगवान नागेश्वर पार्श्वनाथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया,शिविर में मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ विजय पटेल, ,गुरुमित सैनी व उनकी टीम द्वारा 254 मरीजों की आखों की जांच कर दवाइया दी,शिविर में 52 मोतिया बिंद के रोगियों का चयन कर मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी ले जाया गया जहा उनके ऑपरेशन निशुल्क होगे। शिविर में जैन सोशल ग्रुप रीजन अध्यक्ष गोतम जैन, नगर अध्यक्ष राजेश जैन,दिलीप जैन ,प्रकाश



कोठारी, ज्ञानचंद जैन,विनोद जैन,प्रमोद जैन,देवेंद्र पिछोलिया, वीरेंद्र डोसी, शीतल जैन, धर्मेश नीमा, प्रितम पवार, ,अशोक गायरी,ओम प्रकाश सोनी,आदित्य कटारिया, ओम प्रकाश शर्मा,रमेश जैन, राजेश तिवारी, सहित कई कार्यकताओं ने अपनी सेवाए दी, कार्यक्रम का संचालन अध्यापक प्रमोद जैन ने किया।

# बूंदी के ऐतिहासिक स्थलों से रूबरू होंगे कला प्रेमी व छात्र : छात्राएं



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** छोटी काशी का नाम सुनते ही आँखों के सामने खूबसूरत किले , महल , कुंड , बावड़िया ओर हेरिटेज गलियां व झीलें आ जाती है। इसी ऐतिहासिक हेरिटेज को अब कला प्रेमी व छात्र छात्राएं सिविल लाइंस रोड स्थित आर्ट गैलरी के पास लाइब्रेरी में बुक में देख सकेंगे व यहां के इतिहास को भी जान सकेंगे। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा को सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार मीना व छायाकार नारायण मण्डोवरा ने चित्रकार विक्रांत शितोले की एक बुक भेंट की, जिसे राजकीय पुस्तकालय बूंदी में रखा जाएगा । इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि एक चित्रकार का बूंदी के पर्यटन पर किया गया कार्य सराहनीय हैं इससे बूंदी के पर्यटन को देश भर में पहचान मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार विक्रांत शितोले ने कई राज्यो में अपनी चित्रकारी का जलवा दिखा चुके हैं । सबसे पसंदीदा शहर इनको बूंदी लगा 2013 से लगातार बूंदी आ रहे है । 2024 में जब विक्रांत बूंदी आये तो कुछ अलग करने की ठानी यहां की हेरिटेज विरासत की पचास से ज्यादा पेंटिंग बनाकर मुम्बई में प्रदर्शनी लगाकर देश भर के लोगों को विरासत से रूबरू कराया। चित्रकार विक्रांत ने इससे भी बढ़कर वो कार्य कर दिया जिससे बूंदी का पर्यटन ऊंची उड़ान भर सके उन्होंने सभी पेंटिंग की एक बुक प्रकाशित करवा दी। बुक में बूंदी की विरासत की पेंटिंग है जो लोगों को यहां आने के लिए सन्देश दे रही है । शितोले बताते है कि बूंदी के पर्यटन को बढ़ाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। बुक में चित्रकार ने सुखमहल,गढ़ पैलेस, शिकार बुर्ज, हाथीपोल, चौगान गेट , पुरानी कोतवाली गेट,नवलसागर झील, पुरानी हवेलिया,हेरिटेज गलियां , झरोखे , बाजार ,चारभुजा मंदिर, चौगान जैन मंदिर आदि के चित्र है। साथ ही स्केच के चित्र व हवेलियों व बावडी, ऐतिहासिक दरवाजें भी शामिल है । इस दौरान लाइब्रेरियन सत्यप्रकाश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# विधायक द्वारा संगम कला ग्रुप के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** संगम कला ग्रुप के द्वारा आयोजित क्षेत्रीय गायन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिण विधायक श्री संदीप शर्मा जी द्वारा उनके कार्यालय में किया गया, साथ में संस्था के पदाधिकारी सचिव डॉ. शिल्पी सक्सेना निदेशक संगीत वाटिका, श्री सत्यनारायण गोस्वामी कला संस्कृति अध्यात्म सेवी, विवेक शर्मा सह सचिव, गिरीश नागर एवं प्रदीप बोहरा नयापुरा भाजपा उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। संगम कला ग्रुप द्वारा नव वर्ष में बारह जनवरी को सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता का संभाग स्तरीय ऑडिशन कला दीर्घा में निर्धारित किया गया है, जिसमें चयनित प्रतिभागी 19 जनवरी को संभाग स्तर के फाइनल राउंड में भाग लेंगे। इसमें प्रथम चयनित 6 प्रतिभागी कोटा का प्रतिनिधित्व दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में करेंगे। संगम कला ग्रुप एक प्रमुख गैर वाणिज्यिक पंजीकृत सांस्कृतिक संस्था है जो देश की कलात्मक पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विगत 44 वर्षों से निरंतर 卐सुरतरंग नेशनल सिंगिंग टैलेंट हंट卐 का आयोजन कर रही है। इस मंच के माध्यम से कोटा की श्रेया घोषाल, आदर्श सक्सेना, मीतू सोलंकी, सरिता राज, चंचल काबरा, निर्देश गौतम और रामकृष्ण वर्मा जैसे कई कलाकारों को संगीत के क्षेत्र में खुद को स्थापित करने और राष्ट्रीय स्तर



पर पहचान बनाने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 है। यह प्रतियोगिता 5 से 30 वर्ष तक की आयु वर्ग के लिए है।

# तीन दिवसीय बर्ड फेयर का आयोजन 13 जनवरी से

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** पक्षियों व वन्यजीवो के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 13 से 15 जनवरी को बर्ड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। अभेड़ा तालाब, जोरा बाई तालाब, उम्मेदगंज पक्षी विहार कन्जरवेशन रिजर्व, अलनिया बांध, सोढिया तलाई एवं अन्य महत्वपूर्ण वाटर बॉडिज पर पक्षियों ने अपना डेरा डाल लिया है। उप वन संरक्षक वन्य जीव अनुराग कुमार भटनागर ने बताया कि बर्ड फेयर अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क, के परिसर में लगाया जायेगा जिसमे पक्षियों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्ड रेंस एवं ट्रेकिंग आदि गतिविधियो का आयोजन भी किया जायेगा, जिससे शहर वासी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को निहारने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

# हेडिंग किलोल प्रोग्राम में ग्राम वासियों ने बढ़ाया टीचर एजुकेटर का हौसला

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से बूंदी ब्लॉक के 20 गांव के 20 सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यक्रम का संचालन संस्था निदेशक छैल बिहारी शर्मा के सानिध्य में किया जा रहा है। इन्हीं विद्यालय में से 10 विद्यालयों में 31 दिसंबर से किलोल प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा समुदाय वासियों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे रंगोली ,मेहंदी प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता आर्ट एंड क्राफ्ट, मिट्टी की कलाकृतियां ,खेलकूद प्रतियोगिता के रूप में चम्मच दौड़ ,कुर्सी दौड़ और बच्चों को बेहतर और अच्छी गुणवत्ता पूर्ण समान शिक्षा देने हेतु गणित एवं हिंदी विषय की शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया जा रहा है इन कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों और सामुदायिक वासी द्वारा भाग लिया जा रहा है आज रायथल और कल बारवास में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान समस्त ग्रामीण वासियों ने कार्यक्रम मैं हिस्सा लिया तथा हिंदी गणित विषय की प्रदर्शनी देखी तथा प्रदर्शनी पर चर्चा करते हुए सभी टीचर एजुकेटर का बच्चों को बेहतर शिक्षा देने हेतु हौसला बढ़ाया और उन्हें मोटिवेट किया तथा बच्चों के लिए नोटबुक और पेन के रूप में पुरस्कार देने हेतु आगे आए।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 79 रोगी लाभांवित, लांयस क्लब कोटा ने करवाएं 79 मोतियाबिंद के ऑपरेशन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मोतियाबिंद के रोगियो के लिए लायंस क्लब कोटा के द्वारा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन निरंतर जारी है। लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित निशुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर झालावाड रोड स्थित लांयस क्लब भवन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष प्रमोद विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर के रजिस्ट्रेशन कार्य 28 दिसम्बर से प्रारंभ किया गया था। जिसमें 180 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया। बीपी,शुगर अन्य बिमारी के चलते 79 नेत्र रोगियो को ऑपरेशन कर मंगलवार को उन्हे काले चश्मे सौपे गए।

शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि सभी ऑपरेशन डा विशाल स्नेही ने सभी मरीजो का ऑपरेशन आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से किया और मरीजो को लेंस प्रत्यारोपित किए। उन्होने बताया कि इसके उपरान्त अगला कैम्प 6 जनवरी को तालाब गांव इटावा तथा 9 जनवरी को लायंस क्लब कोटा में आयोजित होगा। इस अवसर



सचिव वीरेन्द्र विजय,क्बल सदस्य राम मदनानी, सतीश पंजवानी,पवन पारेता, सतीश पंजवानी उपस्थित रहे।

# रबी विपणन वर्ष 2025-26 गेहूं खरीद, एक जनवरी से किसानों का पंजीकरण शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय कोटा के अधीन राजस्व जिलों कोटा, बूंदी, बारा, झालावाड़, सवाई माधोपुर में राजस्थान सरकार, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान गेहूं खरीद का कार्य 10 मार्च से 30 जून तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु एक जनवरी 2025 से किसानों का पंजीकरण शुरू किया जा रहा है। किसान गेहूँ विक्रय हेतु 25 जून 2025 तक राजस्थान सरकार की वैबसाइट ीजजचेरू//उेचचतवब.तरंजींद.हवअ.पद/ पर पंजीयन करवा सकेंगें। भारतीय खाद्य निगम मण्डल के प्रबंधक जनसम्पर्क रामनिवास मीना ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार द्वारा गेहूं खरीद के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी बढ़ोतरी की गई है। भारतीय खाद्य निगम तथा राजस्थान सरकार द्वारा समर्थन मूल्य गेहूं खरीद केन्द्रों पर समर्थन मूल्य राशि रु. 2425/- प्रति क्विंटल .रु.125/- प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया है और कुल रु. 2550/- पर गेहूं की खरीद की जानी है। उन्होंने सभी किसानों से अपील है कि वे गेहूं को सरकारी खरीद केन्द्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2550/- प्रति क्विंटल पर गेहू का विक्रय करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एफ़सीआई को 36 , राजफ़ेड को 15, तिलम संघ को 22, नाफेड को 1 एवं एनसीसीएफ़ को 1 खरीद केन्द्रो पर खरीद का कार्य आवंटित किया गया है। कोटा संभाग मे कुल 221390 एमटी गेंहू खरीद का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय खाद्य निगम के केन्द्रों पर की जाने वाली समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए किसानो का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाना है जो किसान अपना पंजीकरण करना चाहते है ीजजचरू//उेचचतवब.तंर.हवअ.पद पोर्टल पर जा कर जन आधार नंबर से पंजीकरण कर सकते है अथवा पंजीकरण हेतु जारी क्यू आर कोड को भी स्कैन कर ऑनलाइन पंजीकरण की वेबसाइट पर जा कर पंजीकरण कर सकते है। ऽ उक्त पोर्टल जन आधार संख्या के आधार पर पंजीकरण स्वीकार करेगा तथा जन आधार से लिंक बैंक खाते में किसानो को 48 घंटों में सीधे भुगतान किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील है कि जन-आधार में बैंक डिटेल अपडेशन अथवा अन्य कोई त्रुटी हो तो पंजीकरण से पूर्व उसको दुरुस्त करवा लें। टोल फ्री नंबर 18001806030 पर भी खरीद के सम्बंधित अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने सभी किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने के लिए उनको भेजे गए एसएमएस में दर्शाये गए समय पर साफ़-सुथरा गेहूं विक्रय के लिए लेकर आए और समर्थन मूल्य गेहूं खरीद का लाभ उठा सकते है।

# बारां में 5 जनवरी को लगेगा साहित्यकारों का जमघट

## दो पुस्तकों का होगा विमोचन, साहित्य परिषद की प्रादेशिक संगोष्ठी की तैयारियां तेज

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** बारां अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा 5 जनवरी को प्रादेशिक साहित्यकार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले सहित हाड़ोति संभाग से साहित्यकार शामिल होंगे। संगोष्ठी का केंद्रीय विषय 'वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में महावीर स्वामी की शिक्षाओं की प्रासंगिकता' विषय पर चर्चा परिचर्चा होगी। इस दौरान हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, हाड़ौती, सिंधी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में देश भर के विद्वानों से प्राप्त शोध आलेखों की प्रकाशित पुस्तिका हमारा दृष्टिकोण तथा संभागीय रचनाकारों के साझा काव्य संकलन हृदय-भाव का भी विमोचन होगा प्रेस सचिव राजेश पंकज 'रंगीला' ने बताया कि संगोष्ठी के प्रथम सत्र की अध्यक्षता साहित्य परिषद के प्रदेश संरक्षक प्रो. केबी भारतीय करेंगे। मुख्य अतिथि जयपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश भार्गव होंगे। विषय प्रवर्तन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र उपाध्याय करेंगे। रामस्वरूप रावतसरे शाहपुरा जयपुर विशिष्ट अथिति होंगे। इस सत्र में दो युवाओं पूजा सोनी तथा अंकिता पांचाल को भी केंद्रीय विषय पर अपना व्यक्तव्य रखने का अवसर मिलेगा। बारां इकाई अध्यक्ष बच्छराज राजस्थानी के स्वागत भाषण से शुरू होने वाले इस सत्र का संचालन जिला संयोजक सुनील शर्मा एवं सरस्वती वंदना राष्ट्रीय कवि लोकेश सोनी 'मृदुल' करेंगे । भोजनोपरान्त दूसरे सत्र में भी केंद्रीय विषय पर चर्चा परिचर्चा होगी। इसकी मुख्य अतिथि प्रो. मनीषा शर्मा एवं हिंदी प्रचारिणी सभा के सचिव एडवोकेट ओम प्रकाश भार्गव होंगे। सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. आदित्य कुमार गुप्त तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. नुसरत फातिमा, डॉ हिमानी भाटिया तथा डॉ. कौशल तिवारी होंगे। डॉ. रामावतार मेघवाल के संचालन में इस सत्र की संरक्षता साहित्य परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा करेंगे। प्रेस सचिव पंकज ने बताया कि तृतीय सत्र काव्य गोष्ठी सत्र होगा जिसकी संरक्षता बारां के वरिष्ठ साहित्यकार कन्हैयालाल शर्मा, द्वारका लाल गुप्त तथा अध्यक्षता शिक्षाविद् प्रहलाद कुमार मीणा करेंगे।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# धौलपुर नये साल के जश्न में किया हुड़दंग तो नहीं रहेगी खैर

## शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात, एसपी धौलपुर द्वारा एडवाइजरी जारी

बढ़ता राजस्थान



धौलपुर (राजू शर्मा)। नववर्ष 2025 के प्रारंभ में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने जिले में पुलिस बल को मुस्तैद याने हेतु निर्देशित किया है। आमजन न्यू ईयर पर सेलिब्रेट करने सड़कों पर निकलते है, इसको देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था पुछता की गई है। पुलिस का उद्देश्य है कि लोगों को सेलिब्रेशन में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। इस हेतु एडवाइजरी जारी की गई है, सभी आमजन से अपील है कि एडवाइजरी का पालन करें। ड्रंक एण्ड वाइन और रश ड्राइविंग पर नजर रखी जाएगी, अभय कमांड सेंटर एवं इंटरसेप्टर के माध्यम से की जाएगी कार्यवाही। सभी थानों एवं चौकियों के पुलिस बल सहित अतिरिक्त जाम सड़कों पर रहकर व्यवरमा संभालेगा, साथ ही समन चैकिंग भी की जाएगी। 31 दिसंबर की रात में होटलों, अभों समेत अन्य मनोरंजन गृहों के बाहर पुलिस दस्ते मुस्तैद रहेंगें, क्षेत्र में फिक्स पिकंटस पर तैनात रहेगी पुलिस, मोबाइल पुलिन टीम भ्रमण पर रहेगी, आपतिजनक सामग्री मिलने पर शीघ्र कार्यवाही होगी। ध्वनि प्रदूषक विस्तारक यंत्रों का प्रयोग ना करें, साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, घाटों पर विशेष सतर्कता के लिए अपील की गई है, पुलिस नशा करने वालों की बेथ एनालाइजर से जांच करेगी, शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाएगी, रात्रि में अनावश्यक घूमते पाए जाने वाले लोगों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की जाएगी सख्त से सख्त कार्यवाई।अपराधिक गतिविधियों एवं शिकायत संबंधी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9530411842-9530411843 पर, डायल हंड्रेड 112/100 या संबंधित पुलिस थाने में दे सकते हैं।

# बामनी नदी पुल के पास हुआ सड़क हादसा, पिकअप गाड़ी जा गिरी खाई में

## पलटी गाड़ी में दबे चालक को लोगो ने निकाला बाहर, चालक की हालत गंभीर, धौलपुर रेफर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखण्ड से गुज़र रहे हाईवे 11 बी पर सरमथुरा रोड पर बामनी नदी पुल के पास मंगलवार की शाम करीब 5 बजे सड़क हादसा हुआ है। उक्त हादसे में एक अनियंत्रित पिकअप गाड़ी सड़क किनारे खाई में जा गिरी। दुर्घटना में पिकअप ड्राइवर गाड़ी के नीचे फंस गया। जिसे आसपास के लोगों ने जैसे तैसे गाड़ी को उठाकर बाहर निकाला है। ड्राइवर की हालत गंभीर बनी हुई है । उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी किसान विजेंद्र सिंह और लाला शर्मा ने बताया की आज शाम करीब 05 बजे उक्त हादसा हुआ है। उक्त पिकअप गाड़ी बाड़ी से सरमथुरा की ओर जा रही थी। जो जगनेर यूपी से सामान लेकर आई थी। जिसमें फर्नीचर,प्लास्टिक के सामान के साथ कुछ गोल्डमोहर एवं अन्य गुटका भी भरा हुआ था।

ड्राइवर रॉन्ग साइड में था। जो शायद गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा करना चाह रहा था। लेकिन देखते ही देखते पिकअप गाड़ी सड़क किनारे खाई में जा गिरी। जैसे ही गाड़ी खाई में जाकर पलटी उन्हें आवाज हुई। ऐसे में आसपास मौजूद सभी लोग मौके की तरफ भागे जहां देखा तो ड्राइवर गाड़ी की नीचे फंसा हुआ है। इस पर सभी लोगों ने गाड़ी को उठाकर ड्राइवर को निकाला जो पूरी तरह से घायल है उसके सिर में बड़ी चोट आई है। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टि जो जानकारी मिली है उसके अनुसार पिकअप गाड़ी आरजे 25 जी ए 1942 सरमथुरा के बरौली की है। जो चालक घायल हुआ है उसका नाम अर्जुन पुत्र मावशी प्रजापति बताया गया है।अर्जुन की हालत गंभीर है। जिसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है।

# धौलपुर-भरतपुर हाईवे पुलिस लाइन के पास 3 दिन बंद रहेगा : रेलवे क्रॉसिंग पर होगा निर्माण कार्य

## पचगांव चौकी और जगदीश टॉकीज से डायवर्ट होगा ट्रैफिक

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धोलपुर-भरतपुर नेशनल हाइव 123 पर पुलिस लाइन के पास 2 से 4 जनवरी तक ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। इस दौरान रेलवे क्रॉसिंक पर निर्माण कार्य किया जाना है। ट्रैफिक को आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 के साथ पुरानी छावनी होकर डायवर्ट किया जाएगा। प्रोजेक्ट इंजीनियर पवन चौधरी ने बताया कि धौलपुर-गंगापुर रेलवे लाइन डाली जा रही है, जिसके चलते धौलपुर-भरतपुर हाईवे पर पुलिस लाइन के पास लाइन को जोड़ा जाना है। हाईवे पर सड़क के नीचे रहने और उसे रेलवे लाइन के बराबर लाने के लिए 2 जनवरी से कार्य शुरू किया जाएगा। प्रोजेक्ट इंजीनियर ने बताया कि पुलिस लाइन के पास रेलवे फाटक पर काम किए जाने की वजह से 2 से 4 जनवरी तक ट्रैफिक को डायवर्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक को आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 के साथ पुरानी छावनी होकर डायवर्ट किया जाएगा। धौलपुर से भरतपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को सदर थाने के पास लिंक रोड से होकर निकाला जाएगा। वहीं, हल्के वाहनों को पुरानी छावनी होकर पचगांव चौकी के सामने से निकाला जाएगा। प्रोजेक्ट इंजीनियर ने बताया कि रूट को डायवर्ट किए जाने के दौरान जगदीश टॉकीज से ट्रैफिक पुलिस वाहनों को डाइवर्ट करेगी। वहीं, सदर थाना क्षेत्र में पचगांव चौकी पुलिस हल्के और भारी वाहनों को डाइवर्ट करेगी। उन्होंने बताया कि सड़क और रेलवे लाइन का काम पूरा होने में 2 से 3 दिन का समय लगेगा, जिसके चलते 2 जनवरी से 4 जनवरी तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# बिजली अपग्रेडेशन का डेप्रिसिएशन...113 करोड़ रुपए होने हैं खर्च

## 21 महीने में 7 फीसदी काम 12 नोटिस दिए, अब टेंडर रद्द

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** केंद्र सरकार की पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना में धौलपुर में 113 करोड़ रूपए के बिजली विकास कार्य होने थे। जिससे जिले का बिजली तंत्र मजबूत होता, लेकिन धीमी कार्य प्रगति और तय समय पर लक्ष्य पूरा नहीं होने के कारण ऊर्जा सचिव ने टेंडर निरस्त कर दिया है। यह टेंडर 31 मार्च 2023 को केएस प्रोजेक्ट जयपुर को मिला था। किंतु 21 महीने में केवल 7 फीसदी ही काम हुआ। डिस्कॉम ने 12 नोटिस भी दिए, लेकिन नतीजा सिफर रहा। इस योजना के प्रथम चरण में धौलपुर जिले में आरडीएसएस योजना के तहत नए फीडर, नए ट्रांसफार्मर, नई बिजली लाइनों का जाल बिछाना था। इसके साथ ही बिजली चोरी और छीजत में कमी लाने के लिए पीवीसी कोटेड लाइन ड़ालने का कार्य पूरा करना था। इस प्रोजेक्ट के तहत फर्म के काम की निगरानी का जिम्मा धौलपुर विद्युत विभाग के एक्सईएन मुकेश कुमार गुप्ता के पास था।

लेकिन योजना की कार्य प्रगति कम होने पर जयपुर डिस्कॉम चेयरमैन ने 23 दिसंबर 2024 को आदेश जारी कर फर्म के टेंडर को निरस्त कर दिया। इस योजना के तहत फर्म को जून 2025 तक सभी विकास कार्य पूरे करने थे। लेकिन काम की गति बहुत धीमी थी। जिसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भी भेजी गई थी। जिसके बाद जयपुर डिस्कॉम चेयरमेन ने टेंडर को निरस्त कर दिया है।

**राजेश कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियंता धौलपुर डिस्कॉम**

### यह होने थे काम...

1. मछरिया का अपग्रेडेशन 2. फीडर 8 का वाइपरकेशन 3. 11 के वी फीडर नम्बर 44 का वाइपरकेशन कार्य धौलपुर 4. 18 एजी और नोन एजी फीडर के सेग्ररीगेशन का कार्य 5. 187 एचबीडीएस फीडर का केबलिंग कार्य 6. पीवीसी कोटेड लाइन ड़ालने का कार्य 7. विद्युत टावर लगाने का कार्य 8. ट्रांसफार्मर का लोड कम करने के लिए नए ट्रांसफार्मर लगाना। क्या थी योजना... केंद्र सरकार ने देश की विद्युत व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए जुलाई 2021 में 3 लाख करोड़ बजट की स्वीकृति के साथ पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) नाम से योजना शुरू की थी। जिसके तहत राजस्थान को केंद्र सरकार से 7896 करोड़ रूपए मिलने की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इस योजना के तहत धौलपुर में जारी टेंडर अनुसार 113 करोड़ रूपए के विकास कार्य होने थे।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (नि.स.)।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया गया। जिला कलक्टर ने बैंकिंग अधिकारियों से कहा कि लोगों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसके लिए बैंक कर्मी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के नये बैंक खाता खोलने एवं स्वीकृत ऋण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत स्वीकृत आवेदनों के तहत शीघ्र ही ऋण स्वीकृत कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऋण प्रतिपूर्ति हेतु राजस्व अधिकारियों से समन्वय कर गैर निष्पादित संपत्तियों में कमी लाई जाये। उपखण्ड स्तरीय समीक्षा समितियों की नियमित बैठक की जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी ब्लॉक स्तर, पंचायत स्तर एवं बैंकिंग जागरूकता कैंप आयोजित कर लोगों को साइबर सुरक्षा हेतु सचेत करें ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके। और उन्होंने बैंक की शाखाओं के अधिक प्रसार हेतु बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। बैठक में बैंक की वार्षिक साख योजना पर भी चर्चा की गई। और जिला कलक्टर ने कहा सभी बैंकर्स और विकास से जुडे अधिकारी आपसी तालमेल के साथ आमजन के हितों मे कार्य करें।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आधार सीडिंग आदि की जागरूकता तथा तीव्र क्रियान्वयन के लिए सभी बैंकों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा अनेको योजनाएं चलाई जा रही है उनका शत प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियो तक पहुंचना चाहिए। जिला कलक्टर ने यह भी कहा कि बैंक सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रायोजित ऋण प्रस्तावों जैसे ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन इत्यादि का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी बैंक्स ग्राहकों को डिजिटल धोखाधड़ी, फिशिंग से सचेत करें। इससे पहले बैठक में अग्रणी जिला प्रबन्धक मंगेश कुमार ने विभिन्न जानकारियां एवं आँकड़े अध्यक्ष के समक्ष रखे। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सितंबर तिमाही के लक्ष्यों, साख, जमानुपात की प्रगति तथा वार्षिक साख योजना की जानकारी दी गई। बैठक में विभिन्न बैंक प्रबंधक और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में मुरैना से बाइक द्वारा आंगइ भैरो मंदिर पर आये श्रध्दालु की मौत

## अस्थमा का रोगी होने से नहीं झेल सका सर्दी का प्रकोप, परिजनो ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के आंगई थाना क्षेत्र में स्थित बाबा भैरवनाथ के मंदिर पर मंगलवार को दर्शन करने आए मुरैना निवासी एक श्रद्धालु युवक की तबीयत बिगड़ गई। परिजन जब तक उसे अस्पताल लाते,उसकी उपचार से पूर्वी ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के शव को परिजन बिना पोस्टमार्टम की कार्रवाई के ही अपने घर वापस ले गए। बाड़ी सामान्य अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉक्टर आनंद वर्मा ने बताया की 35 से 40 वर्षीय अधेड़ को रविवार दिन में करीब 12 बजे अस्पताल लाया गया। मृतक राधारमन शर्मा पुत्र देवदत्त शर्मा निवासी मुरैना था उसके साथ आये परिजनों ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ आंगई गांव स्थित बाबा भैरवनाथ के मंदिर पर दर्शन करने बाइक से आया था। जहां उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे अस्पताल लेकर आये। अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। वह अस्पताल में ब्रेन डेड था। ऐसे में उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम की कार्रवाई के ही मृतक के शव को वापस मुरैना ले गए हैं। डॉ आनंद वर्मा ने बताया कि वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में बड़े बुजुर्गों और छोटे बच्चों का तो ध्यान रखें ही साथ में अस्थमा के और सांस के रोगियों को किसी भी विशेष सुरक्षा की जरूरत है।उनको खुले में खासकर बाइक से कोई सफर नही करने दे। उनके विशेष ख्याल की जरूरत है। जो मृतक आया था वह अस्थमा का पेशेन्ट था। ऐसे में ठंड से शरीर सिकुड़ गया और वह पूरी तरह सांस नहीं ले पाया। इसी वजह से सम्भवत: मौत हुई है।

# नववर्ष के पहले महीने में मनाया जायेगा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** जिले में नव वर्ष की शुरुआत के साथ पूरी जनवरी सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। इस माह के दौरान वाहनों का सघन निरीक्षण भी किया जाएगा। सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिवहन विभाग की ओर से विशेष पहल कर सड़क सुरक्षा अभियान को जन- जन का अभियान बनाया जाएगा। इस अभियान के बारे में जारी दिशा-निर्देश के तहत हादसों में कमी लाने की पहल एवं सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान लोगों से ट्रेफिक नियमों का पालन करने की अपील की जाएगी।

### सघन जांच अभियान चलेगा

सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों की पालना सुनिश्चित न करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान परिवहन अधिकारियों सहित पुलिस को वाहनों के दस्तावेजों की जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। ओवरलोडिंग, ओवरहैंगिंग, ओवरक्राउडिंग आदि के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश सहित वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जांच सहित सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिले भर में अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, सहित तमाम प्रबंध सुनिश्चित किया जाए, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके। अनाधिकृत पार्किंग, सड़कों पर अनाधिकृत कट पर तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। जिला प्रशासन इस संबंध में विशेष अभियान चलाएगा।

### आमजन को किया जाएगा जागरूक

सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएगा। इसके अन्तर्गत स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। साथ ही, जनसाधारण को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जागरूकता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने का प्रयास किया जाएगा। सड़क सुरक्षा अभियान को जन-जन का अभियान बनाते हुए सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी भी दी जाएगी। जनसाधारण को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# रेलवे फाटक को शुरू कराने की मांग : ग्रामीणों ने कलेक्टर से की मुलाकात, गांव का मुख्य रास्ता हुआ बंद

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिले से गंगापुर तक नई रेलवे लाइन डाली जा रही है। मीटर गेज से ब्रॉड गेज में रेलवे लाइन के कन्वर्ट होने की वजह से कई जगह पुराने रेलवे फाटक बंद हो रहे हैं। फाटक नंबर 8 को शुरू करने के लिए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। पुरानी छावनी ग्राम पंचायत के नाई का पुरा गांव के लोगों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात करते हुए उनके गांव के फाटक नंबर 8 को शुरू करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि राजा महाराजाओं के समय से उनके गांव से आने-जाने के लिए रेलवे का फाटक बनाया गया था। जिस फाटक को गंगापुर रेलवे लाइन के निर्माण कार्य के दौरान बंद किया जा रहा है। जिससे गांव वालों के लिए आने जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे फाटक से होकर ही उनके बच्चे स्कूल जाते हैं। जिसके बंद होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। नाई का पुरा गांव के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए बताया कि फाटक के बंद होने से उनके गांव का मुख्य रास्ता पूरी तरह से बंद हो रहा है। जिसे शुरू कराने के लिए कलेक्टर से मांग की गई है।



# चार ट्रकों से 123 पशु कराए मुक्त : सात पशु तस्कर गिरफ्तार, पशु क्रूरता के खिलाफ सदर थाना पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर की सदर थाना पुलिस ने आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर नाकाबंदी के दौरान पशुओं से भरे 4 ट्रक को जब्त किए हैं। पुलिस ने ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे 123 पशुओं को मुक्त कराकर 7 तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत डीएसटी टीम की सूचना पर पुलिस ने आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर नाकाबंदी करते हुए हेड कॉन्स्टेबल जालिम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पशुओं से भरे 4 ट्रक को रोक लिया। पुलिस ने चारों ट्रकों में ठूंस-ठूंस कर भरे हुए 123 पशुओं को मुक्त करा लिया। उन्होंने बताया कि ट्रकों में मौजूद सभी आरोपी पशुओं को उत्तर प्रदेश के बूचड़खाने की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने ट्रकों में मौजूद आरोपी सोहेल कुरैशी पुत्र वासिफ कुरैशी निवासी आगरा, वकील पुत्र साबू निवासी धौलपुर, शहीद उर्फ मुल्ला पुत्र रुस्तम निवासी आगरा, रामेश्वर पुत्र गीता राम कुशवाह निवासी आगरा, शाहरुख पुत्र कलील निवासी आगरा, दीपू पुत्र महेंद्र जाटव निवासी मुरैना मध्य प्रदेश और शहीद पुत्र नाजीर मोहम्मद निवासी आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पुलिस पशु तस्करी के नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।




# अकार्यशील खुले बोरवेल व ट्यूबवेल को अभियान चलाकर बंद करवाएं : शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अकार्यशील खुले बोरवेल/ट्यूबवेल के कारण होने वाली घातक दुर्घटनाओं की रोक थाम को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने सभी उपखंड अधिकारियों,विकास अधिकारियों, तहसीलदारों व अधीक्षण अभियंता पीएचईडी व आईजीएनपी को आदेश जारी करते हुए अभियान चलाकर खुले पड़े बोरवेल/ट्यूबवेल को बंद करने/सुरक्षित पद्धती से ढक लेने/तारबंदी से ट्यूबवेल का क्षेत्र सुरक्षित करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारी को विकास अधिकारी व तहसीलदार के साथ ग्राम स्तर पर ग्राम स्तरीय समिति का गठन करते हुए अभियान रूप में भौतिक निरीक्षण कर समस्त खुले बौरवेल/ट्यूबवेल को बंद करके इस आशय का प्रमाण पत्र खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से जिला कार्यालय में भिजवाने के निर्देश प्रदान किए हैं।

जिला स्तर पर इस कार्य के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया हैं जो इन प्रमाण पत्रों को विकास अधिकारियों से संकलित करेंगी। साथ ही भविष्य में भी नये खुदने वाले ट्यूबवेल/बोरवेल खुले नही रहे इसकी मोनीटरिंग के लिए मासिक सूचना प्रत्येक माह की 10 तारीख तक संकलित की जाएगी। जिला कलक्टर ने इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या विलम्ब होने की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला कलक्टर ने खुले या परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल या कुओं से होने वाली घटनाओं की पुनरावृति रोकने की आवश्यकता को देखते हुए उपयुक्त एहतियाती और सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश जारी किए हैं। भूमि/परिसर के स्वामी को बोरवेल/ट्यूबवेल निर्माण शुरू करने से पहले कम से कम 15 दिन पहले लिखित में सूचना देनी होगी। जिले की सभी ड्रिलिंग एजेंसियों सरकारी/अर्धसरकारी, निजी आदि को अनिवार्य रूप से छ्रश्चद्ध्र] तह्रक्रद्वारा विकसित राजधारा पोर्टल पर ड्रिलिंग रिग का पंजीकरण कराना होना। उन्हें अपने द्वारा ड्रिल किए गए और सभी बोरवेल/ट्यूबवेल का विवरण (डेटाबेस) रखना होगा और पोर्टल पर इनकी जानकारी (जीपीएस आधारित लोकेशन सहित) दर्ज करनी होगी।

# रोडवेज विभाग में 146 पद खाली, 2014 से नहीं हुई भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** रोडवेज में 10 वर्षों से भर्ती नही हुई है। इस दौरान लगभग 25 से 30 कर्मचारी रिटायर ज़रुर हो गए हैं पर उनकी जगह पर अभी तक किसी को नहीं लगाया गया है। बता दें की रोडवेज आगार धौलपुर में 6 वर्गों में 146 पद खाली चल रहे हैं। जिसके कारण स्टॉफ के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। एक-एक कर्मचारी कई पदों की जिम्मेदारी संभाल रहा हैं और कई पद तो ऐसे है जिनमें एक भी कर्मचारी नहीं है। जिसके कारण विभाग के कार्य पेंडिंग पड़े हैं। समय पर कोई भी रिपोर्ट तक तैयार नहीं हो पा रही है। विभाग पर कंडक्टर कम होने के कारण बस सारथी लगा रखे हैं। विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 2014 से राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा कोई भी भर्ती नही हुई है। जाने कौन-कौन से पद पड़े रिक्त: पद नाम कुल पद कार्यरत रिक्त परिचालक 156 100 56 चालक 102 61 41 एलडीसी 170 17 युडीसी 633 हैल्पर 15 0 15 मेकेनिक ग्रेड-3 24 10 14 मेकेनिक ग्रेड-1 30 0 0 कुल 350 174 146 ट्राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय के लिए खाली पदों की सूचि बनाकर भेज दी गई। भर्ती होने पर कर्मचारी लगाए जाएंगे।

**राकेश शर्मा, मुख्य प्रबंधक, धौलपुर डिपो**



## श्री श्याम निशान पैदल यात्रा का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ,( नि.स. )।** ओंकारेश्वर (म.प्र.) से खाटूधाम तक जा रही श्रीश्याम निशान पैदल यात्रा का चित्तौडगढ पहुंचने पर श्रीश्याम चाकर परिवार सेवा समिति (रजि.) द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया। ओंकारेश्वर (म.प्र.) से श्री श्याम प्रभु के दिव्य स्वरुप को कार में विराजमान कर एवं दिव्य निशान का पूजन कर निकले 15 श्याम प्रेमी सभी क्षेत्रवासियों एवं परिवारजन के खुशहाल जीवन की कामना कर खाटूश्याम जी दर्शनार्थ रवाना हुए। चित्तौडग़ढ़ कलेक्ट्री चौराहा पहुँचने पर सभी श्याम चाकर ने इन ष्यामप्रेमियों का पुष्पवर्षा कर तथा बाबा श्याम के दर्शन कर पावन निशान की पूजा अर्चना कर स्वागत अभिनन्दन किया। सभी श्याम चाकर बाबा श्याम जी के भजन कीर्तन करते नाचते गाते ऋतुराज वाटिका पहुँचें। ऋतुराज वाटिका में बाबा श्याम जी का आलौकिक श्रृंगार कर दीपक प्रज्वलित कर संकीर्तन किया गया जिसमें भजन प्रवाहिका श्रीमती उमा शर्मा चित्तौडग़ढ़ सहित सभी श्याम प्रेमीयों ने मीठे मीठे भजनों से श्याम प्रभु जी को रिझाया। साथ ही प्रभु से सभी चित्तौड़गढ़ वासियों के लिए आने वाले 2025 की मंगलकामना की। श्री श्याम चाकर परिवार सेवा समिति के संरक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय (पूर्व सेवानिवृत डी.वाई.एस.पी.), जगदीश सोनी, अध्यक्ष प्रकाशचन्द्र सोनी, उपाध्यक्ष मनोज मेनारिया, सचिव सुरेश बॉगड, रमेशचन्द्र सोनी, महेश शर्मा, दीपक सोनी,नरेंद्र न्याती, भारत सोनी, जगदीश चन्द्र वैष्णव, रतन टेलर, कैलाश तुन्गारिया, हीरालाल प्रजापत, जगदीश टेलर, देवेंद्र सोनी, पवन छीपा, अंकित सोनी, राजू टेलर, अमन बॉगड सहित श्री श्याम चाकर महिला परिवार की गीता देवी सोनी सहित सभी महिलायें उपस्थित रहे।

# समाज को दिशा और दशा देने में पत्रकारों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी और अहमियत है : विधायक शंकरसिंह रावत

## पत्रकार समाज के लिए संघर्ष करता है : पारसपंच






बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** विधायक शंकरसिंह रावत ने कहा कि पत्रकार समाज का एक दर्पण है। समाज को दिशा और दशा देने में पत्रकारों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी और अहमियत है। पत्रकार कलम की ताकत के जरिए सरकार और जनता के बीच एक सेतु बन कर काम करता है। समाज की पीड़ा को उजागर कर उसका निराकरण करने में पत्रकारों का कोई सानी नही है। वे मंगलवार को वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय के सभागार में जिला पत्रकार संघ ब्यावर की ओर से आयोजित पद स्थापन एवं जिला स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे पर बेबाक कलम चला कर शासन और सरकारी तंत्र तक जनता की आवाज को पहुंचाने का काम पत्रकार ही कर रहा है। समाज के लिए संघर्ष की एक अहम कड़ी है पत्रकार। ऐसे में पत्रकारों को अपने दायित्व का निर्वाह ईमानदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने जिला स्तरीय संगठन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हर पत्रकारों के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता पारस पंच ने कहा कि पत्रकार समाज के लिए संघर्ष करता है। समाज की विभिन्न समस्याओं को शासन तक पहुंचाने के लिए अपनी कलम चला कर सरकार को जगाता है। ऐसे में समाज का दायित्व है कि वे भी पत्रकारों की पीड़ा को समझे और हर संभव सहयोग करे। ताकि पत्रकार अपने दायित्त का निर्वाह ईमानदारी के साथ कर सके। वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारों के समक्ष आज के समय में कई तरह की चुनौतिया है। उसके बाद कई पत्रकार निर्भीक होकर अपनी कलम के जरिए समाज और शासन को जगा रहा है। वर्तमान स्थितियां बदली है। सोशल मिडिया हावी हो रहा है। लेकिन पत्रकारों को पत्रकारिता में शब्दों का मोल समझते हुए अपने कार्य का निडरता के साथ करना चाहिए। समारोह में पत्रकार रामप्रसाद कुमावत, विमल चौहान आदि ने भी पत्रकार एवं वर्तमान पत्रकारिता के स्वरूप पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिला पत्रकार संघ ब्यावर के अध्यक्ष किशन नटराज ने संगठन के गठन एवं उसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में पूर्व विधायक माणक डाणी, पूर्व सभापति नरेश कनौजिया, पुलिस उपअधीक्षक राजेश कसाणा, वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री नरेन्द्र पारख सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में पूर्व सभापति डॉ. मुकेश मौर्य, बबीता चौहान, अजय शर्मा, लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष आशीषपाल पदावत, उत्तम भंडारी, अमरचंद मूंदड़ा, रमेश आचार्य, कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, अजय शर्मा, घनश्यामदास जगवानी, राजेश शर्मा, एडवोकेट महेन्द्र बोहरा, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट दिलीपसिंह गोरा, महावीर बाफना, महेन्द्र सांखला, मनोज चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक रांका, वरिष्ठ पत्रकार प्रेम आनंदकर, कुलदीपसिंह राठौड़, विजेन्द्र प्रजापति, विष्णदुत्त धीमान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। जिनका संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, सचिव मोमिन रहमान, महामंत्री मयंक भारद्वाज, महावीर नटराज, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रवक्ता संजयसिंह गहलोत, उपाध्यक्ष सुनिल तोषावड़ा रायपुर आदि ने माला एवं साफा पहना कर स्वागत सत्कार किया। नव गठित कार्यकारिणी को विधि सलाहकार एडवोकेट प्रेमदत्त मिश्रा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कुलभूषण उपाध्याय ने किया।

# कथा के श्रवण से प्राणी मात्र का कल्याण होता है : पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ,( नि.स. )।** पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने निंबाहेड़ा में भराड़िया परिवार (मिठाई वालों) द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में पहुंचकर कथा का श्रवण लाभ प्राप्त किया। निंबाहेड़ा आर के कॉलोनी में स्थित सेलिब्रेशन ग्रीन परिसर में भराड़िया परिवार मिठाई वालों द्वारा अनंत श्री विभूषित रंगनाथानाचार्य महाराज की प्रेरणा से स्व रामचंद्र , श्रीमती गवरा बाई, हजारीमल, श्रीमती सोसर बाई , समेरमल , रामकरण एवं श्रीमती अनुराधा भराड़िया की पुण्य स्मृति में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने सप्त दिवसीय भागवत कथा में पहुंचकर कथा व्यास श्रीस्वामी डॉ.माधव प्रपन्नाचार्यजी , युवराज स्वामी रामानुजकोट (उज्जैन) को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुदामा चरित्र पर कथा वाचन किया गया। महाराज ने अपनी ओजस्वी व मधुर वाणी से इस सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रवाहित की। उदयलाल आंजना ने बड़ी संख्या में उपस्थित कथा में धर्म लाभ प्राप्त कर रहे श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से प्राणी मात्र का कल्याण होता है एवं हमारी धार्मिक भावनाओं का संचार होता है और इस पुनित कार्य से भगवान भी प्रसन्न होते हैं और हमें भी आत्म संतुष्टि मिलती है। मंत्री आंजना ने भराड़िया परिवार को इस महा आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहां की भविष्य में भी श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन करवाते रहें ताकि सभी को धर्म लाभ की प्राप्ति होती रहे। प्रारम्भ में पूर्व सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना एवं अन्य अतिथियों के भागवत कथा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के अर्जुन भराड़िया,मदन भराड़िया, राकेश भराड़िया, सत्यनारायण भराड़िया, अमरजीत भराड़िया, देवकिशन भराड़िया,मंगल भराड़िया, दुर्गेश भराड़िया, भागीरथ भराड़िया एवं हितेश भराड़िया इत्यादि ने माल्यार्पण कर एवं ओपर्णा ओढ़ाकर उनका आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल,ज़िला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तमलाल झंवर,विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद रविप्रकाश सोनी,चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद मनोज पारख व पूर्व पार्षद शोभाराम जाट सहित बड़ी संख्या में यहां कथा वाचन का धर्म लाभ प्राप्त करने आए श्रद्धालु गण, गणमान्य जन एवं भराड़िया परिवारजन उपस्थित थे।

# नशे की शत प्रतिशत प्रभावी रोकथाम के लिए सख्ती बरते अधिकारी : जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने कहा कि जिले में नशे की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी संबंधित अधिकारी सख्ती बरते। जिले में शत प्रतिशत नशे के सेवन पर रोकथाम व ट्रांसपोर्टेशन को रोकना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर मंगलवार को नारको कोर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे ।

जिला कलेक्टर ने कहा कि आगामी युवा पीढ़ी को बचाने व भविष्य सुधारने के लिए नशे में लिप्त लोगों पर प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, कॉलेज के बाहर पुलिस विभाग व अन्य संबंधित अधिकारी बारीकी से निगरानी रखे एवं नशे के बारे में सूचना मिलते ही तत्काल रूप से सूचित करें। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्परिणाम के बारे में युवा पीढ़ी व आमजन को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान व अन्य कार्यक्रमों का नियमित अंतराल में आयोजन करें ।उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नशीली दवाओ के प्रभावी रोकथाम व औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए । विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध आवागमन को पूर्णतया रोकने की प्रभावी कार्रवाई करें जिससे कि जिले में इसका उपलब्धता समाप्त हो सकेय् जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर जानकारी का आदान-प्रदान करे जिससे की कार्रवाई की जा सके । उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को अफीम या गांजे की वैध व अवैध खेती के बारे में निगरानी रखने को निर्देशित किया साथ ही अन्य अधिकारियो को कहा कि नशे के बारे में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया जाए जिससे कि जिले में नशे पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जा सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, एडिशनल एसपी भूपेंद्र शर्मा, एडिशनल सीएमएचओ लोकेश कुमावत, आबकारी अधिकारी योगेंद्र सिंह सहित समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ,( नि.स. )।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2024-25 जिला स्तरीय कार्यशाला एवं डीआरएससी की बैठक जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में डीआरडी हाल में आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि दिनेश कुमार जगा ने पीटीटी के माध्यम से रबी 2024-25 अधिसूचित फैसले एवं वर्षवार फसल बीमा की जानकारी समस्त बैंकर्स, एलडीएम एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष रखी। जिला कलक्टर ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया की रबी 2023 मैं बीमित कृषक 112143 की अपेक्षा 87000 किसानो का ही फसल बीमा अबतक हुआ है जिसके लिए निर्देशित किया है की शत प्रतिशत नामांकन किसानो आगामी 3-4 दिवस मै करावे साथ ही नॉन लोनी किसानो को अधिक से अधिक बीमा करे ताकि रबी फसल प्राकृतिक एवं स्थानीय आपदाऔ सें होने वाले फसल नुकसान सें अपनी फसलो का बचाव कर सके। उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल ने सभी विभाग के अधिकारियो को किसान गिरदावरी विभागीय कार्मिको सें करवाने के निर्देश दिए साथ ही डी जी आर सी मै फसल बीमा के लंबित 461 प्रकरण जो बैंकर्स की लापरवाही सें आधार सत्यापन नहीं होने सें किसानो को बीमा क्लेम नहीं मिले के सम्बंधित कारणों को तुरंत निराकरण के निर्देश दिए।

## केकड़ी क्षेत्र घने कोहरे की आगोश में, तेज ठंड से ठिठुरे लोग

### वाहन चालकों को परेशानी, मगर ओस की बूंदे फसलों के लिए अमृत

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी में पिछले सात दिनों से पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल रहा है। जिसके चलते समूचा क्षेत्र कोहरे की चपेट में बना हुआ है। दोपहर के बाद जरूर कुछ देर सूर्य देव अपनी झलक दिखा रहे हैं, जिससे तेज सर्दी में मामूली राहत मिल रही है। मंगलवार को भी ठंड व गलन के कारण ज्यादातर लोग दोपहर तक घरों में ही दुबके रहे तथा दुकानदार व ग्राहक भी शाम होने से पहले ही घर लौट गए, जिससे बाजार में सन्नाटा नजर आने लगा। क्षेत्र में कोहरे के कारण कम दृश्यता होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। दोपहर में भी वाहनों की लाइट जलाकर ड्राइव करना पड़ रहा है। अलसुबह से ही लोग सर्दी से बचाव के लिए कई स्थानों पर अलाव तापते नजर आ रहे हैं। दिन भर लोग चाट, पकौड़ी तथा चाय की थड़ियों पर सर्दी से बचाव की जुगत लगा रहे है। उधर तेज कोहरा पड़ने के कारण किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आ रही है। किसानों का कहना है कि अभी खेतों में पिलाई का समय चल रहा है तथा आसमान से बरसती ओस के रूप में फसलों को अमृत मिल रहा है। फसलों पर पानी की बूंदे जमने के कारण फसल की पकाई अच्छी होती है। खेतों में अभी गेहूं, सरसों, जौ, चना सहित कई फसले खडी है, जिनमें इस वर्ष अच्छी पैदावार होने की उम्मीद जताई जा रही है। किसानों ने बताया कि अभी समय रहते बारिश हो जाए तो किसानों को अधिक फायदा हो सकता है।

## गणतंत्र दिवस समारोह यथोचित ढंग से मनाए जाने हेतु बैठक आयोजित

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ,(नि.स.)।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह 2025 को यथोचित ढंग से मनाये जाने हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर भू अभिलेख रामचंद्र खटीक की अध्यक्षता में बैठक मंगलवार को जिला परिषद के ग्रामीण विकास सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समारोह स्थल की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, समारोह स्थल पर समयबद्ध कार्यक्रम, मंच संचालन, जिप्सी वाहनों की व्यवस्था, परेड कार्यक्रम, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण, झांकियों का प्रदर्शन, मिठाई वितरण, रोशनी की व्यवस्था, निमन्त्रण पत्र एवं प्रशंसा पत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि पर चर्चा कर अधिकारियों को विभागवार उत्तरदायित्व सौंपे गए। एडीएम ने समसामयिक विषयों पर आकर्षक झांकियां बनाने, सार्वजनिक स्थलों पर साज सज्जा करने, स्वतंत्रता सेनानियों व वीरांगनाओं का सम्मान करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि 26 जनवरी को प्रातः 8 बजे जिला कलक्टर आवास पर, प्रातः 8:15 बजे राजकीय कार्यालयों में, प्रातः 8:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट एवं प्रातः 9:05 बजे मुख्य कार्यक्रम स्थल पर ध्वजारोहण किया जाएगा। बैठक में एसीईओ राकेश पुरोहित ने जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों के नाम सम्मान हेतु भिजवाने की बात कही। इसके साथ ही अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू अ) रामचंद्र खटीक ने जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं बजट घोषणाओं, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय घोषणाओं योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने, बजट घोषणाओं के अंतर्गत भूमि आवंटन, प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति की स्थिति रिपोर्ट पेश करने एवं राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत किए गए एमओयू के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही की अद्यतन सूचना भिजवाने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# क्रांतिकारी शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं को पाटकर उनके आगे बड़े-बड़े होर्डिंग लगाने पर कुछ श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान







**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** क्रांतिकारी शहीद स्मृति सभा ब्यावर ने शहर में स्थापित क्रांतिकारी शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं व संबंधित सर्किल पर किसी भी तरह के होर्डिंग्स या पोस्टर लगाने पर कड़ा रोष जाहिर किया है।

उक्त संदर्भ में संगठन के अध्यक्ष साथी हेम चन्द आर्य के नेतृत्व में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र सिंह खड़गावत को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि गत 2-3 वर्षों से राज्य में सत्तारूढ़ दल भाजपा के समर्थकों/ कार्यकर्ताओं द्वारा अपने नेताओं या आकाओं को खुश करने और उन्हें महिमामंडित करने हेतु आए दिन चांग गेट स्थित स्वामी कुमारानंद सर्किल पर उनकी प्रतिमा के सामने, आंबेडकर सर्किल पर उनकी प्रतिमा के पीछे, राज्य की प्रथम नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष श्री चिमन सिंह लोढ़ा सर्किल पर उनकी प्रतिमा के सामने, शहीद भगत सिंह चौराहे पर उनके स्मारक के बाहर तथा अजमेरी गेट बाहर स्थित जैन समाज के कीर्ति स्तंभ के मुख्य द्वार पर इसके अलावा शहर के परकोटे सहित चारों दरवाज़े जो ऐतिहासिक धरोहर और पुरा संपदा है जहां पर भी आए दिन किसी न किसी कार्यक्रम के पोस्टर या बेनर लगाकर इनका निरूपण करते हैं जो कानूनन अपराध है। जबकि उक्त स्थान नियमानुसार होर्डिंग लगाने के पॉइंट्स भी नहीं हैं। अत: जिला प्रशासन से यह अनुरोध है कि वो शहर के किसी भी सर्किल या शहीद स्मारक के बाहर किसी भी तरह के होर्डिंग्स या पोस्टर लगाने पर कड़ा प्रतिबंध लगाया जाए तथा उक्त स्थानों पर प्रशासन द्वारा एक साइन बोर्ड लगाएं जिस पर किसी भी प्रकार के होर्डिंग या पोस्टर लगाने की सख्त मनाही का उल्लेख हो। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में साथी हेम चन्द आर्य, पूनम सिंह चौहान, दयाराम भगत,जगदीश सिंह राठौड़, मिश्री काठात, एड. रामेश्वर मेवाड़ा, बन्ना काठात, जुगल किशोर गहलोत, नाथू लाल छत्रावत, भंवर काठात, नोरत सिंह कछावा, दिलीप जैन, इस्माइल काठात,जगदीश प्रसाद व प्रवीण मॉयल, आदि कार्यकर्ता शामिल थे।




# बेंक से दो लाख रुपये का गबन करने के मामले में एक माह से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** स्थानीय पुलिस ने बेंक कीशाखा से दो लाख रूपये गबन करने का आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी बाबू लाल के मुताबिक दिनांक 21 नवम्बर को शाखा प्रबन्धक विकास कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी आलिसर थाना गोविन्दगढ जिला जयपुर हाल ब्रांच मैनेजर इन्डसइन्ड बेंक फुलेरा ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि बेंक ब्रांच मे कार्यरत कृष्ण कुमार पुत्र राज बहादुर निवासी कुम्हेरी थाना सेपऊं जिला धौलपुर जिसका कार्य फिल्ड मे सदस्यों से किश्तो के रुप में पैसे लेना ओर ब्रांच मे जमा करवाना था परन्तु कृष्ण कुमार फिल्ड में सदस्यों से करीब दो लाख रुपये रिकवर कर बैंक में जमा नहीं करवाकर उक्त रुपयों को हड़प कर गबन कर लिया। पुलिस मे प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही आरोपी कृष्ण कुमार अपने घर से फरार हो गया था तथा अपना मोबाईल फोन भी बन्द कर रखा था जिससे मुल्जिम को पकड़ना मुश्किल हो रहा था। प्रकरण में मुल्जिम की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पूनियां आरपीएस व वृताधिकारी वृत सांभरलेक अनुपम मिश्रा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा बाबूलाल उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में एक माह से फरार चल रहे आरोपी कृष्ण कुमार को दस्तयाब किया। आरोपी से माल बरामदगी के प्रयास जारी हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने मे बाबूलाल उप निरीक्षक थानाधिकारी रतन लाल कानि., मांगीलाल, सुरजीत रवि कुमार की अहम भुमिका रही।

# अणुविभा के कार्यक्रम बेहतर समाज के निर्माण में सहायक - कलक्टर

## अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी का 43वां स्थापना दिवस आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मुनिश्री प्रकाशकुमार के सान्निध्य व जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा के मुख्य आतिथ्य में अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी का 43 वां स्थापना दिवस आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अणुविभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रतापसिंह दूगड़ ने की।

कार्यक्रम में राजसमंद क्षेत्र के साथ ही नाथद्वारा, उदयपुर, भीलवाड़ा, आमेट, रीछेड़, कुम्भलगढ़, पुर, दिवेर, सरदारगढ़ से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

मुनि श्री प्रकाशकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि अणुव्रत एक मानवतावादी कार्यक्रम है जो अहिंसा, प्रामाणिकता, सद्भाव, नशामुक्ति, पर्यावरण जैसे मूल्यों को व्यक्ति व समाज में प्रतिष्ठापित करता है। उन्होंने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि पचास वर्ष पूर्व इसी पहाड़ की चट्टानों पर बैठकर मैं ध्यान किया करता था। यहाँ अणुविभा का यह सुन्दर केन्द्र विकसित हुआ है, यह अद्भुत है। उन्होंने इसके सृजन एवं विकास के लिये संस्थापक श्री मोहनभाई की निस्वार्थ सेवाओं को याद किया।

जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि अणुविभा जिन उद्देश्यों को लेकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में जो कार्य कर रही है, वे प्रशंसनीय हैं। उन्होंने राजसमंद के इस केन्द्र में संचालित बालोदय प्रवृतियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने आह्वान किया कि अणुविभा इन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यावहारिक धरातल पर उतारने हेतु इस क्षेत्र में और भी रचनात्मक कार्यक्रम हाथ में ले तो प्रशासन निश्चय ही उनमें सहयोगी बनेगा।

अणुविभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापसिंह दूगड़ ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि अणुविभा एक विशाल संस्था है। जिसके बहुविध कार्यक्रमों को हम सब कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ाने में सफल होंगे, यह मेरा दृढ़ विश्वास है। अणुविभा मुख्यालय में विकसित की गई बालोदय दीर्घाओं का आज मैंने बारीकी से अवलोकन किया है। यहाँ हर इंच में बाल पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरक तत्व मौजूद हैं। आने वाले दिनों में हम इन दीर्घाओं को आधुनिक स्वरूप देने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित अणुविभा के निवर्तमान अध्यक्ष अविनाश नाहर व निवर्तमान महामंत्री भीखम सुराणा ने नव अध्यक्ष प्रतापसिंह दूगड़ व नव महामंत्री



मनोज सिंघवी को दायित्व हस्तांतरण करते हुए संस्था के महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों की फाईल सौंपी। निवर्तमान अध्यक्ष ने नई टीम को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर अणुव्रत गौरव डॉ. महेन्द्र कर्णावट, अणुविभा के पंचमंडल सदस्य गणेश कच्छारा सहमंत्री जगजीवन चौरड़िया हर्शलाल नवलखा, अध्यक्ष भिक्षु बोधि स्थल, राजसमंद, श्री धनेंद्र मेहता, मंत्री श्री जैन श्वताम्बर तेरापंथ सभा कांकरोली, जीतमल कच्छारा, चतुर कोठारी, गणपत धर्मावत, मदन धोका, शांतिलाल कोठारी, कमलेश कच्छारा, हंसमुख कावड़िया, राजकुमार दक, विकास मादरेचा, हिम्मत मेहता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सफाईकर्मियों ने किया ठेके का विरोध, बड़े आंदोलन की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )। चौथकाबरवाड़ा कस्बे में सफाई व्यवस्था को ठेके पर दिए जाने को लेकर अब सफाई कर्मचारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। सोमवार को सफाई कर्मचारियों ने विरोध रैली निकालकर उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह एवं पंचायत समिति अधिकारियों तथा सरपंच को ज्ञापन दिया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने इस व्यवस्था को निरस्त करने की मांग की। साथ ही निरस्त नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि हाल ही में पंचायत में सफाई व्यवस्था के लिए ठेके पर व्यवस्था करने के लिए विज्ञप्ति निकाली गई है। इसे लेकर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। चौथ का बरवाड़ा पंचायत में काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि पंचायत में वर्तमान में 35 कर्मचारी कार्यरत है। यह सभी कर्मचारी सालों से ही पंचायत में कार्य कर रहे हैं। अब सरकार द्वारा नए स्तर पर सफाई व्यवस्था के लिए ठेका व्यवस्था की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके चलते सफाई कर्मचारियों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

### ज्ञापन देकर सफाई प्रक्रिया रद्द करने की मांग की

सफाई कर्मचारियों ने सोमवार सुबह सबसे पहले उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह को ज्ञापन दिया। इसके बाद पंचायत समिति विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की तथा पंचायत समिति में विकास अधिकारी को ज्ञापन देते हुए इस प्रक्रिया को रद्द नहीं करने पर प्रदेश स्तरीय आंदोलन किए जाने के चेतावनी दी। कर्मचारियों ने चौथ का बरवाड़ा पंचायत कार्यालय पहुंचकर सरपंच सीता सैनी को भी ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने समस्याओं के बारे में भी सरपंच को अवगत कराया।




# माता पिता की स्मृती मे पुत्रो ने बालाजी गौशाला में जलमंदिर भेंट किया





बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा के राजस्व गाँव व जैतपुरा में स्थित श्री बालाजी गौशाला में मंगलवार को स्व. शायर कंवर पत्नी स्व. ठाकुर किशनसिंह खंगारोत की पुण्य स्मृति मे उनके पुत्रो महेन्द्र सिंह व गजेन्द्र सिंह ने 81 हजार की लागत के जल मंदिर का निर्माण करवा कर सर्मपित किया। लोकार्पण सरपंच ब्रजेश्वरी देवी शर्मा के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्षता फुलेरा विधानसभा राजपूत सभा के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह खंगारोत ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजक महेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह ने गौशाला समिति के अध्यक्ष शिवजीराम काला का स्वागत किया एवं गौशाला समिति की ओर से आयोजकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौशाला को 41 हजार 500 की राशि का दान करने वाले भामाशाह हीरालाल चुला एवं साथियों का गौशाला समिति ने सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में पोषबड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसादी का लुप्त उठाया। इस मौके पर मोहनलाल जाखड़, राजेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, दयाल सिंह, बलबीर सिंह अंबेदीप सिंह, मूलचंद सांखला, अर्जुनलाल जाखड़, योगेंद्र शास्त्री, महेंद्र मिश्रा, किशन काला, सुनील काला, कमरुद्दीन, हनुमानलाल बाना, सत्यनारायण शर्मा, रमेश काला, तरुण शर्मा, नरेश बाना सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# रामचरित मानस के पाठ से घर में रोग, शोक, दुःख एवं क्लेश रहते हैं कोसों दूर - कृष्णाकान्त शास्त्री

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** हनुमान नगर में चल रही राम कथा में भगवान श्री राम का चित्रकूट पहुंचना व भरत का भगवान श्रीराम से मिलाप करने के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। आचार्य कृष्णकान्त शास्त्री ने कहा कि जहां रामचरित मानस के पाठ होते हैं उस घर में रोग, शोक, दुःख एवं क्लेश कोसों दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिस्थिति में प्रभु का नाम जपने से सारे कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री राम का चित्रकूट पहुंचना, भरत का भगवान श्री राम से मिलाप करना, भगवान राम की चरण पादुकाएं लेकर अयोध्या लाने सहित कई प्रसंगों का वर्णन किया। इस दौरान राम दरबार की महाआरती की गई। कथा में श्यामबिहारी शर्मा, बुद्धिप्रकाश शर्मा, विमल विजय, रवि अग्रवाल, पूरणसिंह, विमल विजय, गिर्राज जाट,अशोक पारीक, सांवरमल शर्मा, बन्नालाल चौधरी, रामअवतार, रामफूल शर्मा, जगदीश शर्मा, विनोद तिवाडी, हनुमान, मनोज जैन, दयाराम जाट, सुरेश स्वामी, केदार जाट व बलवन्त सिंह सहित कई भक्त मौजूद थे।

# पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ राजसमंद संघटनात्मक गतिविधियों पर चर्चा

### फरवरी माह में प्रतिभा सम्मान समारोह व युवक युवति परिचय सम्मेलन

### कार्यकारिणी पुनः गठन - युवा चहरे चंद्रशेखर, किशन व राजेश मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** पालीवाल ब्राह्मण महासभा राजसमंद मंडल की बैठक केंद्रीय कार्यकारिणी मंत्री भंवरलाल पालीवाल की अध्यक्षता ओर घनश्याम पालीवाल मंडा संस्थापक के मुख्य आतिथ्य में श्री राम होटल में आयोजित हुई। जिसमें राजसमंद मंडल कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। महासभा के सह संयोजक भरत पालीवाल ने बताया कि युवाओं को मौका देने के उद्देश्य से मंडल अध्यक्ष जगदीश दवे बामन टुकड़ा ने नया अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों और समाज के वरिष्ठजनों ने सर्वसम्मति से चंद्रशेखर बागोरा




सुन्दरचा को राजसमंद मंडल अध्यक्ष, किशन पालीवाल मोरवड़ को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा राजेश जोशी भगवानदा को मंत्री मनोनीत किया गया। महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी में रिक्त पद पर कैलाश जोशी को सामाजिक चेतना जागरण मंत्री पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर फरवरी माह में राजसमंद मंडल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह ओर विवाह योग्य युवक युवति परिचय सम्मेलन का आयोजन जिला मुख्यालय पर तय किया गया ओर डॉ मुकेश मेनारिया, छगन पालीवाल पिपलांत्री, विष्णु पालीवाल धायला, प्रकाश पालीवाल चिकलवास, गोपाल जोशी बामनहेडा को संयोजक मंडल में नियुक्त किया गया।

# कुमावत समाज विवाह समिती की बैठक, सामुहिक विवाह के आयोजन पर व्यवस्थाओ पर चर्चा

**फुलेरा ( नि.स. )।** कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति भन्दे बालाजी की मिटिंग 30 दिसम्बार सोमवार को समिति अध्यक्ष पन्नालाल सिरस्वा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बेठक में कुमावत समाज द्वारा आगामी एक मार्च फुलेरा दोज को आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाओ पर विचार विमर्श किया गया। समिती के महा मँत्री भँवर लाल मामोडिया के मुताबिक विवाह सम्मैलन मे 31 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया था,तथा अब तक 23 जोड़ें पंजियन हो चुके है। शेष पूर्ण करने का संकल्प लिया गया।




# शिक्षण कार्यो में स्थापित हो नए आयाम- मंजू मीणा

## मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीणा का प्रधानाचार्य फोरम ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर मंजू मीणा के कार्य ग्रहण करने पर निवाई प्रधानाचार्य फोरम के अध्यक्ष देवेंद्रपालसिंह चौधरी के नेतृत्व में प्रधानाचार्यो ने शॉल ओढाकर व पूष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नवनियुक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने कहा कि शिक्षण कार्यो में नए आयाम स्थापित हो जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके। इस दौरान उन्होंने सभी प्रधानाचार्यो को अपने पीईईओ क्षेत्र में बेहतर शिक्षण कार्यो को महत्व देने के निर्देश दिए। अध्यक्ष



देवेंद्रपालसिंह चौधरी ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा की गई विभागीय पदोन्नति में निवाई मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर रजवास निवासी मंजू मीणा ने पदभार ग्रहण किया है।



# पुराने जमाने के प्यार में यकीन करता हूं, वो प्यार जो आपको पूरा करता है : रित्विक भौमिक

**ओटीटी की खोज कहे जाने वाले रित्विक भौमिक भूमिकाओं और कलाकारों के मामले में काफी लकी रहे हैं। कम समय में उन्हें कार्गो, द विसल ब्लोअर, मॉडर्न लव और मजा मा जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाने का अवसर मिला। माधुरी दीक्षित के बाद नसीरुद्दीन शाह जैसे सशक्त अभिनेता के साथ काम कर चुके रित्विक को बंदिश बैंडिट्स के सीजन वन के बाद सीजन टू में भी काफी पसंद किया गया। उनसे एक खास बातचीत।**

अपने करियर के आरंभिक दिनों के बारे में रित्विक बताते हैं, उस वक्त मैं 18 साल का रहा होऊंगा, जब मैं बेंगलुरु से मुंबई आ गया था। हालांकि मैं पढ़ भी रहा था और फिर दो-तीन साल बाद मैंने अभिनेता के रूप में काम ढूंढना शुरू किया। मैं हमेशा से अभिनेता बनना चाहता था। स्कूल के दिनों से ही नाटकों में मेरी रुचि थी। -पांच साल लगे मुझे काम की तलाश में, मगर मैं हमेशा से अच्छा काम करना चाहता था। मेरे लिए कठिन था वो समय, मगर मैंने धैर्य का दामन नहीं छोड़ा और फिर सब्र का फल मीठा साबित हुआ। मेरी किस्मत अच्छी रही कि मुझे अच्छे प्रोजेक्ट्स में गुणी लोगों का साथ मिला।

### परिवार संग किया मुश्किल वक्त का सामना

आज रित्विक काफी लोकप्रिय हैं, मगर उन्होंने भी पूरे पांच साल संघर्ष किया। करियर और जिंदगी के मुश्किल वक्त के बारे में वे कहते हैं, मुंबई आने के बाद मुझे भी स्ट्रगल से गुजरना पड़ा, मगर 2020 का समय मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। कोविड का भयानक दौर था। हर कोई हेल्थ प्रॉब्लम से जूझ रहा था। पूरी दुनिया में कोहराम मचा हुआ था। घर में आर्थिक समस्याएं भी थीं। मेरे पिता बुजुर्ग हो चुके थे और वे रिटायर होने वाले थे और अचानक हालात ने मुझे जिम्मेदार बना दिया। मैं उन दिनों काम में मसरूफ था। मुझे जरा भी अहसास ही नहीं कि अप्रत्यक्ष रूप से घर की जिम्मेदारी मैंने उठा ली है। आज जब भी उस समय को पलट कर देखता हूं, तो लगता है कि हमारे परिवार ने साथ मिलाकर उस बुरे दौर को झेला है और उस समय हम एक रहे। उस दौर ने हमें और मजबूत बनाया। वही समय था जब मुझे अपनी इस वेब सीरीज का पहला सीजन मिला।

### प्यार के लिए जुनूनी हूं

नए दौर में प्यार के मायने काफी बदल गए हैं, मगर प्यार को लेकर रित्विक काफी पैशनेट हैं। वे कहते हैं, मैं ओल्ड स्कूल लवर हूं अगर कभी मौका आया, तो प्यार या अपनी विरासत और कामयाबी में से किसी एक को चुनने का, तो मैं निश्चित रूप से प्यार को चुनूंगा, क्योंकि मुझे लगता है, जब तक मेरा प्यार जिंदा रहेगा, मेरी कला भी जीवित रहेगी। मैं उस तरह के पैशनेट प्यार में हूं और इसलिए प्यार को लेकर ये बात दावे के साथ कह सकता हूं। आजकल तो प्यार-मोहब्बत के बैचिंग, घोस्टिंग, सिचुएशनशिप जैसे कई टर्म्स आ गए हैं, मगर आप प्यार को लेकर किसी भी तरह की उलझन में हैं या ऐसी किसी सिचुएशन में हैं, तो उनके लिए ये किस्सा सुना रहा हूं। हम प्यार-मोहब्बत को लेकर सेट पर ऐसा ही डिस्कशन कर रहे थे, तब मेरे साथी कलाकार राजेश तैलंग ने एक कहानी सुनाई। ग्रीक माइथॉलजी में एक क्रीचर था, जो आधा मर्द और आधी औरत था। वह इतना ताकतवर था कि तमाम देवताओं पर भारी पड़ रहा था। उसकी शक्ति का नाश करने के लिए देवताओं ने उस राक्षस को बीच में से काट कर पृथ्वी पर फेंक दिया। अब जिस दिन वो दोनों आधे पूरे होते हैं, प्रेम संपूर्ण होता है। अर्थात आप जब भी अपने हाफ से मिलेंगे, संपूर्ण हो जाएंगे, तो मैं ऐसे ही प्यार में यकीन करता हूं, जो मुझे परिपूर्ण करे।

### माधुरी मैम और नसीर सर से बहुत कुछ सीखा

रित्विक साथी कलाकारों के मामले में खुद को खुशकिस्मत मानते हैं, जो पहले उन्हें मजा मा में माधुरी दीक्षित और अब इस सीरीज में नसीरुद्दीन शाह जैसे जाने-माने कलाकारों के साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इन एक्टर्स के साथ के अपने अनुभव के बारे में वे कहते हैं, मैं तो अपने निर्देशक (आनंद तिवारी) से कहता रहता हूं कि आपने जाने-माने बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन (माधुरी दीक्षित) के साथ बैटिंग करा दी। सचिन तेंदुलकर (नसीरुद्दीन शाह) के साथ पारी खेलने का मौका दिया, अब बस धोनी और विराट (अन्य बड़े स्टार्स) बचे हैं। उनके साथ भी काम करने का अवसर मिल जाए, तो मैं उनसे भी कुछ ना कुछ सीख कर एक्टर के रूप में थोड़ा और संवर जाऊंगा। (हंसते हैं) माधुरी मैम से मैंने काम के प्रति कमिटमेंट सीखा। मैंने देखा कि ये कलाकार अपने नाम या काम को सेट पर लेकर नहीं आते। नसीरुद्दीन शाह सर का एक उपदेश मैंने गांठ बांध लिया है, किसी आलोचना को मन में न रखें और किसी प्रशंसा को अधिक महत्व न दें। उनका ये मूलमंत्र एक कलाकार को जमीन पर रखता है, आसमान पर उड़ने नहीं देता। वैसे इस सीरीज में राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, अतुल कुलकर्णी और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार भी हैं, जिनसे आप रोजाना कुछ न कुछ जरूर लेते हैं।

### संगीत ने बदली जिंदगी

रित्विक भौमिक का वेब सीरीज बंदिश बैंडिट संगीत, प्यार, विरासत और उम्मीदों पर आधारित है। इसके पहले सीजन के बाद अब दूसरे सीजन में भी रित्विक ने राधे की भूमिका को आगे बढ़ाया। वे मानते हैं कि संगीत ने उनकी जिंदगी बदल कर रख दी है। वे कहते हैं, हर किसी की कोशिश यही रहती है कि उनकी जिंदगी में एक ठहराव आए, उन्हें खुशी मिले। मैं अगर अपने दिन भर के रूटीन में 5 मिनट के लिए भी शास्त्रीय संगीत सुन लूं, तो मुझे उस खुशी का इल्म हो जाता है। शास्त्रीय संगीत मेरी जिंदगी में बहुत ठहराव लाया है। मैं अगर ये कहूं कि इसके कारण मेरा करियर सेट हो गया है, तो गलत न होगा। मैं बहुत आभारी हूं कि संगीत की दुनिया में मुझे जो पॉइंट वन परसेंट की जगह मिली है, वो बहुत बेशकीमती है। संगीत ही है, जिसने हमारी निजी और व्यावसायिक जिंदगी को बदल कर रख दिया है। हालांकि इसके पहले सीजन को सफलता मिली, तो मुझे डर था कि इसी तरह के रोल्स ऑफर होंगे, हुए भी, मगर मैं भाग्यशाली निकला, जो मुझे विस्लर ब्लोअर, मॉडर्न लव और मजा मा जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग भूमिकाएं करने को मिलीं। मैं आगे भी यादगार और विविधतापूर्ण काम करने का इच्छुक हूं।



### केजीएफ स्टार यश की फैंस से अपील

# भीड़ लगाकर बर्थडे न मनाने की विनती कर कहा- आपकी सुरक्षा बड़ा तोहफा, पिछले बर्थडे में 3 फैन की मौत हुई

8 जनवरी 2024 को केजीएफ स्टार यश ने अपना 38वां जन्मदिन मनाया था। इस दौरान उनके कई फैंस ने बढ़-चढ़कर सेलिब्रेशन किया, जिस दौरान 3 फैंस की मौत हो गई। इस ट्रैजेडी के बाद अब अपने आने वाले जन्मदिन से पहले एक्टर ने सभी फैंस से ग्रैंड सेलिब्रेशन न करने की विनती की है। एक्टर का कहना है कि उनके लिए अपने फैंस की सुरक्षा ही सबसे बड़ा तोहफा है। अपने 39वें जन्मदिन से चंद दिनों पहले ही यस ने एक पोस्ट शेयर कर फैंस से खास वितनी की है। उन्होंने लिखा है, नए साल की शुरुआत के साथ ही ये चिंतन, संकल्प और नई राह बनाने का भी समय है। पिछले कुछ सालों में आप सभी ने मुझे जो प्यार दिया है वो अभूतपूर्व से कम नहीं है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण कुछ घटनाएं भी हुई हैं। अब समय आ गया है जब हम अपने प्यार की भाषा को बदलें। खासकर जब मेरे बर्थडे की बात आती है।

आगे उन्होंने लिखा, आपके प्यार का एक्सप्रेशन मेरे लिए कुछ बड़ा करना या भीड़ लगाना नहीं होना चाहिए। मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफा ये जानना है कि आप सब सुरक्षित हैं, पॉजिटिव सोच रहे हैं, अपने लक्ष्य हासिल कर रहे हैं, खुशी बांट रहे हैं।

### बर्थडे के दिन शूटिंग में व्यस्त रहेंगे यश

यश ने अपनी पोस्ट में आगे बताया है, मैं अपने जन्मदिन पर शूटिंग करता रहूंगा और शहर में नहीं रहूंगा। हालांकि आपकी बधाइयों की गर्मी मुझ तक जरूर पहुंचेगी।

### बीते साल कटआउट लगाते हुए करंट लगने से 3 फैन की मौत हुई

यश का पिछला बर्थडे ट्रेजेडी से भरा रहा। हर बार की तरह इस बार भी उनके बर्थडे पर शहर भर में उनके बड़े-बड़े कटआउट लगाए गए थे और कई फैंस इकट्ठा हुए थे। एक कटआउट लगाते हुए उनके 3 फैंस को बिजली का झटका लगा और करंट से 3 लोगों की मौत हो गई। ये घटना गदांग जिले के सुरनागी गांव की थी। मरने वालों में गांव में ही रहने वाले मुरली नदाविनमणि, हनमंता हरिजन और नवीन गाजी शामिल थे। हालांकि पिछले जन्मदिन से पहले भी यश ने अपने फैंस से यही कहा था कि वो शूटिंग में व्यस्त होने के चलते फैंस से नहीं मिलेंगे। वो टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो यश जल्द ही टॉक्सिक और नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही रामायण में नजर आने वाले हैं। रामायण में यश लंकेश रावण की भूमिका निभाएंगे, जबकि फिल्म में रणबीर कपूर भगवान श्री राम और साई पल्लवी माता सीता के रोल में हैं।

# दर्शन थुगूदीपा की जमानत को चुनौती देगी कर्नाटक सरकार

## फैन रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में 131 दिन जेल में रहे; सर्जरी के नाम पर मिली थी जमानत

जून में अपने ही फैन रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार हुए कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगूदीपा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। एक्टर को 131 दिन जेल में रहने के बाद 30 दिसंबर को सर्जरी करवाने के लिए जमानत मिली है। हालांकि अब कर्नाटक सरकार हाईकोर्ट के जमानत देने के फैसले को चुनौती देने वाली है। पुलिस अधिकारियों के सूत्रों के अनुसार, कर्नाटक सरकार ने सोमवार को आदेश जारी कर दर्शन थुगूदीपा और अन्य को कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को चुनौती देने के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील अनिल सी. निशानी को नियुक्त किया है। वहीं आदेश में राज्य के सरकारी लोक अभियोजक को एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दायर करने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कर्नाटक सरकार की तरफ से मामले की अगुआई करने के लिए सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा को अपॉइंट किया गया है।

बताते चलें कि दर्शन थुगूदीपा को फैन रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में 11 जून को गिरफ्तार किया गया था। दर्शन और उनके साथियों के खिलाफ कई पुख्ता सबूत भी मिले थे। सबूतों के मद्देनजर दर्शन की कई बार जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। उनके खिलाफ 1991 पन्नों की चार्जशीट बनाई गई थी। हालांकि 30 अक्टूबर को उनके वकील ने बैक पेन और सर्जरी का हवाला देते हुए जमानत की अर्जी दी, जिसके बाद उन्हें 30 अक्टूबर को जमानत दी गई थी। अब 13 दिसंबर को दर्शन और मामले के सभी मुख्य आरोपियों को नियमित जमानत दे दी गई है।

### क्राइम सीन से सामने आई थीं दर्शन की तस्वीरें

बैंग्लोर पुलिस ने 23 नवंबर को 57वें सीसीएच कोर्ट में रेणुकास्वामी हाई प्रोफाइल मर्डर केस में चार्जशीट दाखिल की है, जिसे एसीपी चंदन कुमार के सुपरविजन में तैयार किया गया है। चार्जशीट में बैंग्लोर पुलिस ने दर्शन की क्राइम सीन में ली गई तस्वीरों को अहम सबूत के रूप में पेश किया। सामने आईं 4 तस्वीरों में दर्शन, साथी आरोपी जनादीश और अनुकुमार के साथ पोज करते नजर आए हैं। तस्वीरों में एक पीछे एक जीप भी है, जिसे हत्या के समय इस्तेमाल किया गया था। साथ ही इसी जीप को क्राइम सीन के आसपास से मिले सीसीटीवी फुटेज में भी देखा गया था।



### फैन की हत्या के आरोप लगे, क्राइम सीन से निकलते दिखे थे एक्टर

9 जून को बैंग्लोर के कामाक्षीपाल्या इलाके में एक अज्ञात युवक का शव नाले में मिला था। जांच में उस लड़के की पहचान 33 साल के रेणुकास्वामी के रूप में हुई, जो एक मेडिकल स्टोर में काम करता था। हत्याकांड की जांच पुलिस को एक गोडाउन तक ले पहुंची। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दर्शन थुगूदीपा और उनकी गर्लफ्रेंड पवित्रा गौड़ा क्राइम सीन से निकलते दिखे। पवित्रा गौड़ा भी कन्नड़ एक्ट्रेस हैं।

सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद 11 जून को दर्शन और पवित्रा की गिरफ्तारी हुई थी। जांच में सामने आया कि मृतक रेणुकास्वामी दर्शन थुगूदीपा का फैन था। वो उन्हें आइडियल मानता था, लेकिन जब जनवरी में एक्ट्रेस पवित्रा गौड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि उनका 10 सालों से शादीशुदा दर्शन से रिश्ता है, तो रेणुकास्वामी को ठेस पहुंची। वो नहीं चाहता था कि पवित्रा, दर्शन के साथ रहें। वो अक्सर पवित्रा को धमकी भरे मैसेज भेजा करता था। जब पवित्रा ने इसकी शिकायत दर्शन से की, तो उन्होंने अपने फैन क्लब चलाने वाले लोगों की मदद ली। सबसे पहले रेणुकास्वामी को बहला-फुसला कर गोडाउन बुलाया गया, जहां उसे टॉर्चर कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, गोडाउन में दर्शन और उनके साथियों ने रेणुकास्वामी को जमकर मारा-पीटा और उसके प्राइवेट पार्ट में करंट लगाया। साथ ही रेणुकास्वामी की हत्या करने से पहले पवित्रा ने खुद जूती से उसकी पिटाई की थी। उसका एक कान भी काट दिया गया था।

### रश्मिका ने पांच महीने तक छावा के लिए भाषा सीखी, बोली-

# महारानी का किरदार निभाने का सपना हुआ पूरा, विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी

फिल्म छावा में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी, महारानी येसूबाई भोसले का किरदार निभा रही हैं। एक मराठी महारानी का किरदार निभाना रश्मिका के लिए सिर्फ एक मौका नहीं, बल्कि एक सपना था। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान, रश्मिका ने बताया कि उनका सपना खुद को महारानी के रोल में देखना था, जो 'छावा' से पूरा हुआ। बता दें, इस किरदार के लिए रश्मिका ने पांच महीने तक रोजाना 3-4 घंटे भाषा सीखने में बिताए।



### महारानी का किरदार निभाना सपना था

रश्मिका ने कहा, इस फिल्म के लिए मैंने बहुत ज्यादा मेहनत की है। लेकिन यह वही है जो मैंने हमेशा चाहा था। जब मैंने एक्टर बनने का सपना देखा, तब से ऐसी ऐतिहासिक फिल्म में काम करने की इच्छा थी। हमारे इतिहास, परंपराओं और संस्कृति की भव्यता मुझे हमेशा आकर्षित करती है। 'छावा जैसी फिल्म में काम करना मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। मैं हमेशा से खुद को एक राजसी दुनिया में, किसी महारानी के रूप में, शाही महल, शानदार डांस और इतिहास के बीच देखने का सपना देखती थी। जब यह फिल्म मेरे पास आई तो मैं बहुत उत्साहित थी। यह लक्ष्मण उतेकर सर की दूरदृष्टि थी जिसने इसे खास बनाया। उन्होंने मुझे पहली बार कहानी सुनाते समय कहा था कि वह मुझे एक महाराष्ट्रीयन क्वीन के रूप में देखना चाहते हैं। मेरी शक्ल-सूरत, मेरे चेहरे के फीचर्स - सब कुछ इस किरदार के लिए परफेक्ट थे। यह एक ऐसी फिल्म है जो आपको गर्व महसूस कराएगी। यह न केवल भव्य है बल्कि दिल को छूने वाली भी है।

### पांच महीने तक सीखी भाषा; लक्ष्मण सर कहते थे- दक्षिण या उत्तर नहीं, किरदार मुख्य है

किरदार की तैयारी को लेकर एक्ट्रेस ने आगे कहा, सबसे बड़ी तैयारी लैंग्वेज को लेकर रही। हिंदी मेरी मातृभाषा नहीं है। यह भाषा मेरे लिए स्वाभाविक नहीं है लेकिन मेरी ऑडियंस के लिए इसे सीखना मेरा फर्ज था। फिर जब आपको एक क्वीन का किरदार निभाना हो, तो आपको हर चीज पर पकड़ बनानी होती है- चाल, बोलचाल, अंदाज- सबकुछ। डायलॉग के लिए मैंने हर दिन तीन से चार घंटे मेहनत की। यह सिलसिला पांच महीनों तक चला। हर शब्द, हर वाक्य को मैं इस तरह सीखती थी जैसे यह मेरी अपनी जुबान हो। मेरे लिए यह सिर्फ किरदार निभाने की बात नहीं थी, बल्कि उस किरदार की आत्मा को जीने की कोशिश थी। इस दौरान मैंने यह भी सीखा कि भाषा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से भी बनती है। लक्ष्मण सर कहते थे, 'जब लोग तुम्हें सुनेंगे, तो वे भूल जाएंगे कि तुम दक्षिण से आई हो या उत्तर से। उन्हें केवल तुम्हारा किरदार दिखेगा। मैं खुश हूं कि हमने यह हासिल किया। 'छावा मेरी अब तक की सबसे मेहनती जर्नी रही है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है।

### सलमान खान के साथ सेट पर हर दिन एक यादगार पल होता

बता दें, रश्मिका सलमान खान के साथ फिल्म 'सिकंदर में भी हैं। उनके साथ काम करने के अनुभव को लेकर उन्होंने कहा, सलमान खान के साथ काम करना... क्या कहूं। यह मेरे करियर का एक बेहद खास मौका है। सेट पर हर दिन एक यादगार पल होता है। सलमान सर सबसे स्वीट और विनम्र इंसान हैं। जब वो सेट पर होते हैं, तो माहौल अपने आप हल्का-फुल्का और मजेदार हो जाता है। सब हंसते हैं, मस्ती करते हैं लेकिन साथ ही काम को लेकर पूरा फोकस भी रखते हैं।

उनके साथ काम करना न सिर्फ एक सम्मान है, बल्कि उनके साथ वक्त बिताना भी बहुत कुछ सीखा जाता है। जब मुझे पता चला कि मैं सलमान के साथ फिल्म कर रही हूं, तो यकीन मानिए, मैं बहुत नर्वस थी लेकिन सलमान सर का जादू ही ऐसा है कि वो सबको तुरंत कंफर्टेबल महसूस कराते हैं। उनका स्वभाव इतना आरामदायक है कि आपको लगता ही नहीं कि आप एक लिविंग लेजेंड के साथ काम कर रहे हैं। उनके साथ काम करना न सिर्फ एक अनुभव है, बल्कि यह उन यादों में शामिल है जो मैं जिंदगी भर सहेजकर रखूंगी।

### हिट फिल्मों का सिलसिला

रश्मिका पिछले तीन सालों में पुष्पा 1, एनिमल और पुष्पा 2 जैसी लगातार हिट फिल्में दे रही हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, साल का अंत हमेशा सेलिब्रेशन के साथ होता है लेकिन असली जर्नी पूरे साल की मेहनत है। हम हर फिल्म के लिए सोचते हैं कि लोग इसे कैसे एन्जॉय करेंगे और क्या इसे सेलिब्रेट करेंगे। पिछले तीन साल काफी मेहनत भरे रहे। हर दिन किरदार को समझने, कठिन सिचुएशन और चैलेंजे का सामना करने में बीता। जब फिल्में हिट होती हैं, तो यह एहसास होता है कि यह सारी मेहनत सही दिशा में गई। फिल्मों का चयन मैं दिल से करती हूं। मुझे लगता है कि जो कहानी मुझे उत्साहित करती हैं, वही ऑडियंस को भी जोड़ेंगी। हर किरदार के साथ मैं खुद को सच्ची रखता हूं, क्योंकि मेरी पर्सनैलिटी मेरे लिए सबसे जरूरी है। यही मुझे सही रास्ता दिखाती है।

# फिल्म के इंटिमेट सीन पर पेरेंट्स थे चिंतित, उन्हें समझाया, अब पापा की खुशी का कोई ठिकाना नहीं : प्रीति

रिचा चड्ढा और अली फजल की पहली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में कुछ इंटिमेट सीन भी हैं, जो ऑडियंस का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

प्रीती कहती हैं, जब मैंने अपने माता-पिता को फिल्म के इंटिमेट सीन के बारे में बताया, तो शुरुआत में वे थोड़ा चिंतित थे। पापा ने मुझसे पूछा - तुम्हें सब कुछ पहले से पता था ना? कहीं ऐसा तो नहीं कि बाद में कुछ और बताया जाएगा? मैंने उन्हें समझाया कि ये सीन मेरे नहीं, बल्कि मेरे किरदार के हिस्से हैं। सेट पर पूरी सेफ्टी का ध्यान रखा जाएगा, खासतौर पर क्योंकि क्रू में ज्यादातर महिलाएं थीं, जैसे डीओपी और एडिटर। मेरी दीदी ने भी मम्मी-पापा को समझाया। जब मम्मी-पापा सेट पर आए और उन्होंने प्रोफेशनल माहौल देखा, तो वे पूरी तरह से सहज हो गए।

सफलता हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है। इसलिए किसी को भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान
















## नए साल में रेलवे का नया टाइम टेबल लागू होगा

**महाकुंभ में 13 हजार ट्रेनें चलेंगी; 136 वंदे भारत शुरू होंगी, एआई मॉडल पर काम होगा**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे का नया टाइम टेबल अब 1 जनवरी 2025 से लागू होगा। इसके तहत कई ट्रेनों की टाइमिंग में बदलाव किया जाएगा। साथ ही कई ट्रेनों की संख्या भी बदल जाएगी। पहले यह बदलाव हर साल 30 जून को होता था और 1 जुलाई से लागू हो जाता था। लेकिन रेलवे इस बार समय सारणी में बदलाव नए साल के मौके पर कर रहा है। यह ट्रेंस एट ए ग्लांस का 44वां एडिशन है। रेल मंत्रालय 2025 में नमो भारत रैपिड रेल (वंदे मेट्रो), दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें और सभी 136 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू करने का मन बना रहा है। 2024 में 64 वंदे भारत ट्रेनें शुरू हुईं। 26 दिसंबर 2024 तक भारतीय रेलवे नेटवर्क पर कुल 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चल रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि 2025 में रेलवे को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस करने की कोशिश की जाएगी। महाकुंभ में 13 हजार ट्रेनें चलेंगी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, महाकुंभ के लिए 13,000 ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, जिनमें 3,000 विशेष मेले की ट्रेनें शामिल होंगी। अनुमान है कि इस महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालु शामिल होंगे, जिनमें से लगभग 10 करोड़ ट्रेन से यात्रा करेंगे। महाकुंभ के दौरान 1 लाख यात्रियों के रुकने की व्यवस्था भी भारतीय रेल कर रही है।







